**सुविचार**
गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है पर बोली हुई बातें वापस नही आती।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



08
फिल्म जवान को लेकर सुर्खियों में प्रियामणि

Ranchi ● Wednesday, 05 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 169 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,479.05 |
| निफ्टी | : | 19,389.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,560 |
| चांदी | : | 75.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### सीएम आज राज्य को 206 नयी एंबुलेंस की देंगे सौगात

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच जुलाई को राज्य को 206 नयी एंबुलेंस की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी नयी योजनाओं का शुभारंभ और कई मोबाइल ऐप की लांचिंग करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नामकुम स्थित परिसर से मुख्यमंत्री हरी झंडी दिखाकर इन एंबुलेंस को रवाना करेंगे।

### कोडरमा गोलीकांड मामले में पूर्व विधायक सहित 22 बरी

**HAZARIBAGH :** कोडरमा जिले के बहुचर्चित मरकच्चो गोलीकांड मामले में मंगलवार को हजारीबाग के एमपी-एमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट में 20 सालों तक चली सुनवाई के बाद कुमार पवन की कोर्ट ने भाकपा माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव और जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव समेत 22 आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया।

### बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत, मौसम हुआ सुहाना

**RANCHI :** मंगलवार की शाम 5:45 बजे अचानक बरसे बादल ने दोबारा गर्म हो रहे मौसम को सुहावना बना दिया है। राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में झमाझम वर्षा हुई। जिससे गर्मी से राहत तो मिली ही साथ ही इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। खेतों में पानी भर गया है और जुताई के बाद किसान अब फसल पूर्व नर्सरी तैयार करने में जुटे हैं। जुलाई के पहले सप्ताह में मौसम में उतार चढ़ाव जारी रहेगी। रांची के मौसम की बात करें तो 10 जुलाई तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

### अजीत पवार गुट ने नासिक कार्यालय पर जमाया कब्जा

**MUMBAI :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में फूट के चलते मंगलवार को उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के गुट ने नासिक राकांपा कार्यालय पर कब्जा जमा लिया है। इस कार्यालय में अजीत पवार और छगन भुजबल समर्थक सुबह से ही शरद पवार समर्थकों को घुसने नहीं दे रहे हैं। इससे नासिक में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है और पुलिस मौके पर मौजूद है। राकांपा के दोनों गुटों में बढ़ते संघर्ष की वजह से मुंबई में शरद पवार के आवास सिलवर ओक पर भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। नासिक राकांपा कार्यालय पर मंगलवार को शरद पवार गुट के कार्यकर्ता बैठक करने वाले थे। इसी वजह से आज सुबह से ही नासिक राकांपा कार्यालय पर अजीत पवार गुट ने कब्जा जमा लिया।

# शिवमय हुआ बाबाधाम, एक लाख से ज्यादा ने चढ़ाए जल



## सावन शुरू, सजे शिवालय

**PHOTON NEWS DEOGHAR :** महादेव के प्रिय सावन महीने की शुरूआत हो गयी। राजकीय श्रावणी मेला के पहले दिन मंगलवार को प्रातः 03:45 बजे मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। कांवरियों की कतार तड़के सुबह क्यू कॉम्प्लेक्स तक पहुंच गयी थी। इन शिवभक्तों की गूंज से रूट लाईन गुंजायमान है और सभी कांवरिया कतारबद्ध हो बाबा का जयघोष करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहे। देवघर बाबा नगरी में भक्तों का उत्साह नजर आने लगा है। यहां कांवरियों की भीड़ दिखने लगी है। सुल्तानगंज में पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा तट पर एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। बाबा अजगैवीनाथ मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। कई प्रदेश के कांवरिया गंगा जल लेकर बाबाधाम जाने के लिए सुल्तानगंज पहुंचे हैं। केसरिया वस्त्र धारी शिव भक्तों और बोल बम के जयकारे से सुल्तानगंज का माहौल पूरी तरह बोल बम के रंग में रंग गया है। लगभग एक लाख कांवरिया ने गंगा जल लेकर बाबाधाम को प्रस्थान किया। कांवरियों के स्वागत के लिए हर जगह अस्थायी दुकान खुल चुकी हैं। जिला प्रशासन ने कांवरियों की सुख-सुविधा के लिए कई इंतजाम किये हैं।

# मरांडी बने झारखंड BJP के नए अध्यक्ष

## तीन अन्य राज्यों में भी भाजपा ने अध्यक्ष बदले

**PHOTON NEWS RANCHI :** बीजेपी ने झारखंड सहित कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदल दिये हैं। जिसमें झारखंड की जिम्मेदारी बाबूलाल मरांडी को सौंपी गयी है। इसके अलावा पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष को भी बदल दिया गया है। बीजेपी ने जिन चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले हैं, उसमें झारखंड, पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। बाबूलाल मरांडी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये हैं। जबकि कांग्रेस से आए सुनील जाखड़ को पंजाब, आंध्र प्रदेश में डी पुरंदेश्वरी और जी किशन रेड्डी को तेलंगाना का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

**मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद बीजेपी में बड़ी फेरबदल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को प्रगति मैदान के कन्वेंशन सेंटर में मंत्रिपरिषद की पांच घंटे तक बैठक चली थी। जिसके बाद ही चार राज्यों में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्षों को बदलने का फैसला लिया गया।



बाबूलाल मरांडी



सुनील जाखड़

सुनील जाखड़ ने हाल ही में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी का दामन थामा था। जाखड़ 2017 से 2021 तक पंताब कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे थे। वह 2012-2017 तक पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता थे। वह मई 2022 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। जाखड़ को बीजेपी 2024 लोकसभा चुनाव में अभिनेता सनी देओल की जगह पर गुरदासपुर से टिकट दे सकती है। सुनील जाखड़ के पिता बलराम सिंह जाखड़ कांग्रेस का बड़ा चेहरा रहे हैं।

**5 राज्यों में होने वाले विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बीजेपी में फेरबदल :** इसी साल 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उसमें मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम शामिल हैं। इस साल के आखिर तक इन राज्यों में चुनाव होने हैं। बीजेपी ने संगठन में बदला विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखकर किया है।

### बिहार, बंगाल और झारखंड क्राइम कंट्रोल के लिए करेंगे मिलकर काम

**KOLKATA :** पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक मनोज मालवीय, बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी और झारखंड के इनके समकक्ष अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कोलकाता के भवानी भवन स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब तीनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि बिहार, बंगाल और झारखंड पुलिस मिलकर अपराध नियंत्रण के लिए पहले भी काम करते रहे हैं और आगे और अधिक सक्रियता से करेंगे। बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने कहा कि अवैध हथियारों की सप्लाई और कारखानों पर हमारी पैनी नजर है। पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार की खबरें आती रहती हैं। हमलोग उस पर लगाम लगाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जल्द ही इस पर प्रतिबंध लगेगा। झारखंड के डीजी अजय कुमार सिंह ने कहा कि साइबर क्राइम को लेकर हम तीनों राज्यों के बीच विस्तृत चर्चा हुई है। जामताड़ा में साइबर क्राइम का केंद्र बिंदु रहता है। इससे तीनों राज्य परेशान हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए हम लोग विशेष तौर पर मुहिम चला रहे हैं।

# बाइक को बचाने में कार गिरी कुएं में, छह की मौत

## हजारीबाग के पदमा के पास चालक ने खोया नियंत्रण

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** हजारीबाग के पदमा में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी। मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और कार कुएं मे जा गिरी। ग्रामीणों की मदद से वाहन को बाहर निकाल लिया गया। डूबे लोगों को भी निकालने का प्रयास किया गया। कार में 8 लोग सवार थे जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी है। सभी के शव को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार और बुलेट मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में रोमी बंगला चौक के समीप चालक ने संतुलन खो दिया और सड़क के किनारे कुआं में का गिरा।

**हादसे में एक बच्ची की भी मौत**

इस हादसे में एक साल छह महीने की बच्ची की भी मौत हो गयी है। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग जमा हुए और तुरंत कार से लोगों को निकालने की कोशिश की। पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की। स्थानीय लोगों की मदद से कार में सवार लोगों को बाहर निकाला गया लेकिन इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गयी।



हादसे के बाद कुएं से निकाली गयी गाड़ी ● फोटोन न्यूज

**सभी मृतक हजारीबाग के मंडई के रहने वाले**

सुमो विक्टा दरभंगा से बरही होते हुए हजारीबाग आ रही थी। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में एनएच 31 के पास के पास अनियंत्रित होकर कुएं में जा गिरी। हादसे के शिकार लोग सभी हजारीबाग के मंडई के रहने वाले थे। सभी एक पूजा में शामिल होने दरभंगा गये थे। घटना के बाद ही गांव में हड़कंप मच गया। भारी बारिश के बीच ग्रामीण लोगों को बचाने में जुट गए। दो लोगों को जैसे-तैसे बाहर भी निकाला गया है, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। इसमें एक की मौत हो गई है।

# शूटिंग के दौरान घायल हुए SHAHRUKH

## अमेरिका में हादसा, नाक और चेहरे पर आई चोट, मुंबई लाए गए, हालत ठीक

**AGENCY MUMBAI :** शाहरुख खान पिछले कुछ दिनों से अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। शूटिंग के दौरान हुए हादसे से शाहरुख खान घायल हो गए हैं। उनकी नाक और चेहरे में गहरी चोट आई है। हादसे के बाद खून रोकने के लिए शाहरुख की अमेरिका में ही एक माइनर सर्जरी हुई थी। ई-टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार हालत में थोड़ा सुधार होने के बाद उन्हें मुंबई वापस लाया गया है। इस साल की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म पठान देने के बाद शाहरुख खान की 3 बड़ी फिल्में 2023 में ही रिलीज होंगीं। इनमें जवान, डंकी शामिल हैं। वहीं सलमान खान की टाइगर 3 में भी शाहरुख खान का कैमियो होने वाला है। फिल्म जवान की शूटिंग पूरी हो चुकी है, जिसका पोस्ट प्रोडक्शन जारी है। ये फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु भाषा में 7 सितंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने वाली है। 225 करोड़ के बजट में बनी फिल्म पठान 25 जनवरी 2023 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 1050 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर कई रिकॉर्ड कायम किए थे। ये फिल्म 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है, वहीं ये दंगल के बाद भारतीय सिनेमा की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है।



**रईस की शूटिंग में भी लगी थी चोट**

31 साल के इस लंबे करियर में शाहरुख खान कई बार शूटिंग के दौरान चोटिल हुए हैं। 2017 में रईस की शूटिंग के दौरान उनके घुटने और चेहरे में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें माइनर सर्जरी करवानी पड़ी थी। 2013 में फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस की शूटिंग खत्म हो जाने के बाद उन्होंने 8 सर्जरी करवाई थीं। 2009 में भी चोट लगने पर उनके बाएं कंधे की सर्जरी हुई थी।

### पबजी खेलते 4 बच्चों की मां को हुआ प्यार, सरहद पार कर आई भारत, गिरफ्तार

**NEW DELHI :** पबजी खेलते चार बच्चों की मां को प्यार होने का मामला सामने आया है। दरअसल पाकिस्तान की एक महिला को ग्रेटर नोएडा से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि वह अपने प्रेमी से मिलने के लिए सरहद लांघकर भारत पहुंची है। पाकिस्तानी महिला जिसका नाम सीमा हैदर है, वह दिल्ली में अपने कथित प्रेमी सचिन के साथ रह रही थी। पुलिस ने सोमवार को उसे हिरासत में लिया था। पुलिस ने बताया कि महिला और उसके बच्चों को स्थानीय व्यक्ति सचिन ने आश्रय दिया जिसकी ऑनलाइन पबजी गेम के माध्यम से उससे मुलाकात हुई थी। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि रबूपुरा क्षेत्र में स्थित एक परचून की दुकान पर नौकरी करने वाले सचिन की पबजी गेम के माध्यम से पाकिस्तान के कराची की रहने वाली सीमा गुलाम हैदर से दोस्ती हो गई। सचिन की ऑनलाइन पहचान वर्ष 2020 में हुई थी। पुलिस ने बताया, पाकिस्तानी महिला नेपाल के रास्ते चार बच्चों के साथ भारत आई और प्रेमी सचिन के साथ लगभग डेढ़ माह से ग्रेटर नोएडा में रह रही थी। पुलिस ने बताया कि डेढ़ माह पहले हैदर विमान के जरिये पाकिस्तान से काठमांडू पहुंची और वहां से सड़क मार्ग के जरिये रबूपुरा पहुंच गई।

# वैश्विक मंच पर मोदी ने उठाया आतंकवाद का मुद्दा सहयोग बढ़ाने पर जोर



एससीओ के वर्चुअल शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ● एजेंसी

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वर्चुअली आयोजित शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जहां एक ओर दुनिया पर छाए खाद्य, तेल और उर्वरक संकट का मुद्दा उठाया वहीं दूसरी ओर आतंकवाद और चरमपंथ के खतरों के प्रति भी निर्णायक कार्यवाही का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर विचार करना चाहिए कि संगठन के रूप में हम लोगों की अपेक्षा और आकांक्षाओं को पूरा कर रहे हैं। क्या हम आधुनिक चुनौतियों को सामना करने में सक्षम हैं और क्या एससीओ एक ऐसा संगठन बन रहा है, जो भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार है अपने शुरूआती भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशक में एशियाई क्षेत्र में एससीओ शांति, प्रगति और विकास का महत्वपूर्ण मंच रहा है। हम इसे केवल एक विस्तृत पड़ोस नहीं बल्कि एक विस्तृत परिवार के तौर पर देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने एससीओ में सहयोग के 5 नए आयाम तैयार किए हैं। इसमें स्टार्टअप और इनोवेशन, परंपरागत चिकित्सा, युवा सशक्तिकरण, डिजिटल समावेशन और साझा बौद्ध विरासत शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत 2 सिद्धांतों वसुधैव कुटुंबकम और सिक्योर पर आधारित प्रयास कर रहा है। भारत विश्व को एक परिवार के तौर पर मानता है। साथ ही सुरक्षा, आर्थिक विकास, संपर्क, एकता, संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित सोच का समर्थन करता है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एक बार फिर आतंकवाद से वैश्विक शांति को खतरे की ओर ध्यान दिलाते हुए इस पर निर्णायक कार्रवाई का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें सीमा पार आतंकवाद को हथियार की तरह इस्तेमाल करने वाले देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

## देश का पहला ईपीआर क्रेडिट अर्जन करने वाला नगरीय निकाय बना

# 'स्वच्छ शहर' इंदौर के नाम एक और RECORD

**AGENCY INDORE :** देश में स्वच्छता का पर्याय बन चुके इंदौर के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। इंदौर नगर निगम (आईएमसी) देश का पहला ईपीआर क्रेडिट अर्जन करने वाला नगरीय निकाय बन गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज भारत नई सोच और नई अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। आर्थिक विकास के साथ-साथ पारिस्थितिक संतुलन को भी मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुसार मध्य प्रदेश में भी सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के इंदौर नगर निगम के अभियान से पूरे प्रदेश में इस दिशा में प्रयास करने की प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने समस्त इंदौरवासियों, प्रशासनिक अधिकारी एवं निकाय के समस्त कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जन-भागीदारी के इस प्रयास की सफलता पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि कार्बन क्रेडिट अर्जित करने के बाद इंदौर नगर निगम ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ईपीआर पोर्टल पर पंजीकृत होने वाला भारत का पहला यूएलबी बनकर वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को आगे बढ़ाया है। आज आईएमसी ईपीआर क्रेडिट अर्जित करने वाला भारत का पहला यूएलबी बन गया है। ईपीआर क्रेडिट अर्जित करने की उपलब्धि आईएमसी द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 और ईपीआर नीति के सफल कार्यान्वयन को दशार्ती है।




**जन-भागीदारी में इंदौर मॉडल ने रचा कीर्तिमान**

जनसंपर्क अधिकारी अंकुश मिश्रा ने बताया कि जन-भागीदारी इंदौर शहर मॉडल की यूएसपी है। इंदौर नगर निगम ने एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध के संबंध में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मैं हूं झोलाधारी इंदौरी, प्लास्टिक हाइस्ट गैंग, प्लास्टिक प्रीमियर लीग और हल्ला बोल ड्राइव आदि जैसे गहन जागरुकता अभियान चलाये हैं। इंदौर शहर प्रतिदिन 1162 मीट्रिक टन से अधिक ठोस कचरा (एमएसडी) उत्पन्न करता है। आईएमसी और उसके हितधारकों के व्यापक जागरूकता अभियान और ठोस प्रयासों से घरेलू, वाणिज्यिक, औद्योगिक संस्थानों आदि में 6 प्रकार के कचरे प्लास्टिक अपशिष्ट, गैर-प्लास्टिक अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट, सेने-अपशिष्ट, घरेलू खतरनाक अपशिष्ट और गीले अपशिष्ट में स्रोत पृथक्करण के सफल कार्यान्वयन को सफलता मिली है।

BRIEF NEWS

## मिजोरम की जनता बदलाव चाहती है: खड़गे

**NEW DELHI :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मिजोरम की जनता बदलाव चाहती है। ऐसे में वहां कांग्रेस एक मजबूत भूमिका निभाने के लिए तैयार है। खड़गे ने मंगलवार को मिजोरम कांग्रेस के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद ट्वीट कर कहा कि मिजोरम के हमारे नागरिक बदलाव चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी के पास राज्य में स्थिरता और प्रगति प्रदान करने का रिकॉर्ड है। उल्लेखनीय है कि मिजोरम में इसी वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होना है। इसको लेकर आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पार्टी मुख्यालय में एक बैठक हुई। इस बैठक में खड़गे के साथ-पार्टी नेता राहुल गांधी और मिजोरम कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की।

## यूसीसी के समर्थन में अकाली दल, मुख्यमंत्री मान ने किया विरोध



**CHANDIGARH :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का विरोध किया है। चंडीगढ़ में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में भगवंत मान ने यूसीसी पर सवाल उठाते हुए देश को गुलदस्ता बताया और इसे खराब न करने की अपील की। वहीं अकाली दल ने इसका समर्थन किया और आम आदमी पार्टी को इस पर अपना पक्ष साफ करने को कहा। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि हमारा देश एक गुलदस्ते की तरह है, गुलदस्ते में हर रंग के फूल हैं और हर रंग की एक अलग संस्कृति है। गुलदस्ता एक ही रंग का हो, इसकी इजाजत नहीं होगी। हर रंग की अपनी संस्कृति है, सबके अपने रीति-रिवाज हैं। सबसे बात करें, सहमति लें, फिर विचार करें कि इस कोड को लागू करना है या नहीं।

## प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को स्वामी विवेकानन्द को उनकी पुण्यतिथि पर नमन किया और कहा कि सेवा, मानवता और आध्यात्मिक ज्ञान के उनके आदर्श हमें एक मजबूत और जीवंत भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, महान स्वामी विवेकानन्द को उनकी पुण्य तिथि पर स्मरण। सेवा, मानवता और आध्यात्मिक ज्ञान के उनके आदर्श हमें एक मजबूत और जीवंत भारत के निर्माण के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन करते रहेंगे। हम एकता और भाईचारे के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

## समान नागरिक संहिता लागू करने में देरी नहीं करेंगे, कोई हड़बड़ी भी नहीं : धामी

**NEW DELHI :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के विकास कार्यों सहित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में भी चर्चा की। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता को लागू करने में किसी भी तरह की देरी नहीं करेंगे, लेकिन कोई हड़बड़ी भी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार हो चुका है लेकिन इसे तैयार करने वाली ड्राफ्टिंग कमेटी ने ड्राफ्ट सरकार को नहीं सौंपा है। विशेषज्ञों ने इसे तैयार करने के लिए समाज के सभी वर्गों की राय ली है। इसके लिए तकरीबन 2.35 लाख लोगों की राय ली गई है। यूसीसी का ड्राफ्ट मिलने के बाद सरकार उस पर कानूनविदों की राय लेते हुए इसे जल्द लागू करेगी।

# महगामा के AIMIM नेता अशोक कुमार ने थामा भाजपा का दामन

## नरेन्द्र मोदी से प्रभावित होकर भाजपा में हुए शामिल : अशोक कुमार

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में एआईएमआईएम के नेता और गोड्डा के समाजसेवी अशोक कुमार सिंह ने मंगलवार को समर्थकों संग भाजपा की सदस्यता ली।

महगामा से दो बार (बसपा और जेवीएम) विधानसभा चुनाव लड़ चुके अशोक सिंह ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्य, नीति, सिद्धान्त और राष्ट्रवाद से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की खातिर पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे वे तन मन धन से पूरा करेंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने सभी का पार्टी में स्वागत करते कहा कि शिव आराधना के दिन आप सभी एक संकल्प लेकर आये हैं। भोलेनाथ आप सबको ऊर्जा दे, ताकि आप देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार को फिर से बनाने में अपनी महती भूमिका को निभा सकें। उन्होंने कहा कि आप सभी को आज से ही क्षेत्र के सभी घरों के दरवाजे को खटखटाना है। मोदी की नौ साल की उपलब्धियों को जन जन को बताना है। प्रधानमंत्री ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत का जो सपना देखा है उसे पूरा करना हम सब का दायित्व है।



भाजपा में शामिल अशोक कुमार सिंह का स्वागत करते भाजपाई। ● फोटोन न्यूज

दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। गरीबों को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। सरकारी संरक्षण में दलालों ने साथ मिलकर शराब घोटाला किया। देश में प्रति व्यक्ति आय 01 लाख 97 हजार है जबकि झारखंड में प्रति व्यक्ति आय 85 हजार रुपये है। झारखंड की बेरोजगारी दर पूरे देश में सबसे ज्यादा 14.73 प्रतिशत है। आवास योजना के अंतर्गत झारखंड में लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। यहां मात्र 43,400 घर बन पाए हैं। नल से जल योजना के तहत राज्य में 27 प्रतिशत घरों तक ही पहुंच पाया है।

# बेबी देवी ने मंत्री बनते ही देवघर कांवरिया पथ पर शराब की बिक्री रोकी

**PHOTON NEWS RANCHI :** हेमंत कैबिनेट में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बनी बेबी देवी पदभार ग्रहण करने के बाद एक्शन में दिखी। उन्होंने मंगलवार को पहले कार्य दिवस पर देवघर के कांवरिया पथ पर शराब बिक्री पर रोक लगा दी है। उन्होंने निर्देश दिया कि देवघर के श्रावणी मेले में बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक सभी प्रकार की मदिरा या शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी।

मंत्री बेबी देवी ने ट्वीट कर लिखा कि देवघर के विश्वस्तरीय श्रावणी मेले में तथा बैद्यनाथ मंदिर तक के कांवरिया पथ पर किसी प्रकार की मदिरा और शराब की बिक्री पर नहीं होगी। इस क्षेत्र में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को विशेषकर बहन- बेटियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी ने सोमवार को राजभवन में मंत्री पद की शपथ ली थी। उन्हें हेमंत सरकार में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बनाया गया। मंत्री बनने के बाद बेबी देवी ने स्वर्गीय जगरनाथ महतो की तस्वीर को नमन करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने की बात कही। बेबी देवी बिना विधायक बने झारखंड की तीसरी मंत्री बनी हैं।



मंत्री बेबी देवी। ● फोटोन न्यूज

## शिबू सोरेन की अध्यक्षता में केंद्रीय समिति की एक दिवसीय बैठक संपन्न

# संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने व 50 लाख सदस्य बनाने पर दिया जोर

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय समिति की एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद देर शाम वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता विनोद पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संगठन को कैसे मजूबती प्रदान किया जाए और संगठन विस्तार करने, संगठन में बूथ स्तर से लेकर, जिला स्तर और केंद्रीय स्तर तक के पदाधिकारियों की जिम्मेवारी कैसे सुनिश्चित की जाये, इसे लेकर चर्चा हुई।

पांडेय ने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान में 50 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति पर भी अध्यक्ष ने चर्चा की। साथ ही डुमरी उपचुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। इसके तहत बूथ कमेटी से लेकर पंचायत और प्रखंड कमेटी का गठन करने का निर्देश पार्टी अध्यक्ष ने बोकारो समिति को दिया गया है। साथ ही सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का पार्टी के कार्यकताओं को प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले पार्टी हर स्तर पर, हर जिले में, हर प्रखंड और बूथ पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने के लिए कई निर्देश अध्यक्ष ने दिए।

पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में कहा कि जो जिम्मेवारी पार्टी और इस राज्य की जनता ने दी है उसे निभाने के लिए पूरी उर्जा के साथ काम कर रहा हूं। आने वाले दिनों में राज्य की जनता की जो अपेक्षा है, उसे पूरा करेंगे।




बैठक में शामिल शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री व अन्य कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

# गिरिडीह : भाजपा नेताओं के साथ कबीर ज्ञान मंदिर पहुंचे बाबूलाल, अनुष्ठान में हुए शामिल

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीकबीर ज्ञान मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय सद्गुरु मां ज्ञान महायज्ञ में शामिल होने 4 जुलाई को भाजपा नेताओं के साथ बाबूलाल मरांडी पहुंचे। उनके साथ पूर्व मंत्री चन्द्रमोहन प्रसाद, पूर्व सांसद रवीन्द्र राय, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, भाजपा के गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे समेत अन्य भाजपा नेता शामिल थे।

इस अवसर पर बाबूलाल, चन्द्रमोहन प्रसाद और रविंद्र राय ने कहा कि कबीर ज्ञान मंदिर से आध्यात्मिक चेतना प्रसारित होने के साथ-साथ सनातन धर्म का प्रतीक भगवा ध्वज लहरा रहा है। यह जानकार हैरान हूं कि मां ज्ञान ने अब तक 60 से अधिक पुस्तकों की रचना की है। उनकी नवीनतम रचनाओं में हमारे राम शामिल है। मयार्दा पुरुषोतम राम भारतीय समाज का आईना है, जिनसे सनातन धर्म की पहचान बनी है।

मंदिर में बाबूलाल समेत अन्य भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से मां ज्ञान द्वारा लिखित हमारे राम पुस्तक का भी विमोचन किया। विमोचन के समय मां ज्ञान ने कहा कि सत्संग की गंगा में आज हर व्यक्ति डूबकी लगा रहा है। इस कबीर ज्ञान मंदिर में भगवान विष्णु और कबीर साहब का विग्रह स्थापित है। यहां से आध्यात्मिक चेतना का जागरण पूरे जिले में किया जाता है। कबीर सनातन धर्म के पुरोधा थे। समाज को सनातन से जोड़ने की प्रेरणा कबीर साहब ने दी थी।

इसके बाद बाबूलाल समेत सभी नेता मंदिर परिसर में आयोजित अनुष्ठान में शामिल हुए। आश्रम के स्वयं सेवक बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर हजारों की संख्या में कबीर के विचारों को मानने वाले अनुयायी मौजूद थे।




कार्यक्रम में बोलते बाबूलाल मरांडी व उपस्थित अन्य। ● फोटोन न्यूज

# आदिवासी युवक पर पेशाब करने का वीडियो वायरल मुख्यमंत्री बोले- अपराधी पर लगाया जाएगा एनएसए

**AGENCY BHOPAL :** मध्य प्रदेश में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक नशे की हालत में एक आदिवासी युवक पर पेशाब करते हुए दिख रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मामले को संज्ञान में लिया है और अपराधी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने की बात कही है।

मामला मप्र के सीधी जिले का बताया जा रहा है। घटना को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट करके कहा कि 'मेरे संज्ञान में सीधी जिले का एक वायरल वीडियो आया है। मैंने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि अपराधी को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर एनएसए भी लगाया जाए।

वायरल हो रहे वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक गरीब व्यक्ति सीढ़ियों पर बैठा है। उसके बाल बिखरे हैं। चेहरे से लग रहा है, जैसे वो कई दिन से भूखा हो। उसके सामने एक ब्लू जींस और चेक वाली शर्ट पहने एक शख्स खड़ा होकर सिगरेट पीते हुए उसके ऊपर पेशाब करने लगता है। पेशाब करने वाला शख्स शराब के नशे में लग रहा है।

कहा जा रहा है कि नशे में धुत पेशाब करने वाले शख्स की किसी भाजपा नेता से नजदीकी है। हालांकि, भाजपा ने इस बात से साफ इनकार किया है। सीधी से भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला ने ट्वीट करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति को मेरा प्रतिनिधि बताया जा रहा है, वह व्यक्ति न तो भाजपा का कोई पदाधिकारी है और न ही मेरा विधायक प्रतिनिधि है। उस व्यक्ति से कोई लेना-देना नहीं है।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद मामला दर्ज

मामले में शिवराज सिंह चौहान के आदेश के बाद सीधी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) की कार्रवाई की जा रही है।

मामले में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का कहना है कि प्रवेश शुक्ला नाम के व्यक्ति का भाजपा से कोई संबंध नहीं है। हर कुत्सित कृत्य जो आदिवासी समाज के विरोध में किया जाएगा, भाजपा उसका सदैव विरोध करेगी। भाजपा इस व्यक्ति के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। वहीं, कांग्रेस नेता अरुण यादव और दीपक जोशी ने ट्वीट कर इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की फाईल फोटो।

# अल्लूरि सीताराम राजू का संघर्ष भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का गौरवशाली अध्याय : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**AGENCY NEW DELHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि अन्याय और शोषण के खिलाफ अल्लूरि सीताराम राजू का संघर्ष तथा केवल 27 वर्ष की आयु में उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक गौरवशाली अध्याय है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों, विशेषकर युवा पीढ़ी को उनकी देशभक्ति और साहस से अवगत होना चाहिए।

राष्ट्रपति ने हैदराबाद में अल्लूरि सीताराम राजू के 125वें जन्मोत्सव वर्ष के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अल्लूरि सीताराम राजू का जीवन चरित्र, जाति और वर्ग पर आधारित भेदभाव से मुक्त रहकर पूरे समाज और देश को एकजुट करने की मिसाल है। उन्होंने कहा कि अल्लूरि सीताराम राजू को जनजातीय समाज ने पूरी तरह से अपना लिया था और उन्होंने जनजातीय समाज के सुख-दुख को अपना सुख-दुख बना लिया था। उन्हें एक आदिवासी योद्धा के रूप में याद किया जा रहा है और यही उनकी असली पहचान है। वे अपनी शहादत तक आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी की विरासत को याद रखना हम सभी का कर्तव्य है।

उन्होंने बुद्धिजीवियों, विशेषकर समाजशास्त्रियों और इतिहासकारों से सभी नागरिकों, विशेषकर युवा पीढ़ी के बीच अल्लूरि सीताराम राजू जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करने के प्रयास करने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों के हित में निस्वार्थ भाव से निर्भीक होकर संघर्ष करना अल्लूरि सीताराम राजू के जीवन का संदेश है। उन्होंने कहा कि हम उनके आदर्शों और संदेश को अपने आचरण में ढालने का संकल्प लेकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने सभी से समाज और देश के हित में अल्लूरि सीताराम राजू के मूल्यों और आदर्शों को अपनाने का आग्रह किया।




अल्लूरि सीताराम राजू के 125वें जन्मोत्सव पर उपस्थित राष्ट्रपति।

## IIT GUWAHATI के 25वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

# किसी को हमारी संप्रभुता व प्रतिष्ठा से खिलवाड़ की इजाजत नहीं

**AGENCY GUWAHATI :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन में और देरी हमारे मूल्यों के लिए नुकसानदायक होगा। समान नागरिक संहिता भारत और उसके राष्ट्रवाद को अधिक प्रभावी ढंग से बांधेगी। हमारी संप्रभुता व प्रतिष्ठा से खिलवाड़ की किसी को इजाजत नहीं दी सकती है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ मंगलवार को आईआईटी गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य के नीति निदेशक तत्व (डीपीएसपी) देश के शासन का मौलिक दायरा है। उन्हें नियमों में बांधना देश का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पंचायतों, सहकारी समितियों और शिक्षा के अधिकार को पहले ही कानून में तब्दील किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अब संविधान के अनुच्छेद 44 को लागू करने का समय आ गया है। भारत की छवि को धूमिल करने के प्रयासों के प्रति आगाह करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि भारत-विरोधी सभी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से खारिज किया जाए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी विदेशी संस्था को हमारी संप्रभुता और प्रतिष्ठा के साथ छेड़छाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। भारत को सबसे पुराना, सबसे बड़ा, सबसे कार्यात्मक और जीवंत लोकतंत्र बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम अपने समृद्ध और फलते-फूलते लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों पर आंच नहीं आने दे सकते। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार अलोकतांत्रिक है। भ्रष्टाचार खराब शासन है। भ्रष्टाचार हमारे विकास को रोकता है। एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज विकास पथ को प्रशस्त करेगा।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने भ्रष्टाचार के आरोप में पकड़े जाने पर कुछ लोगों के कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेने के बजाय सड़कों पर उतरने पर भी अपनी असहमति व्यक्त की। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से भारतीय होने और इसकी ऐतिहासिक उपलब्धियों पर गर्व करने का आह्वान करते हुए कहा कि छात्र आर्थिक राष्ट्रवाद के प्रति प्रतिबद्ध रहें। राष्ट्र और राष्ट्रवाद की कीमत पर वित्तीय लाभ कमाने से बचें। उन्होंने छात्रों को दूरदर्शी व्यक्तित्व वाले डॉ बीआर अंबेडकर के बहुमूल्य शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा कि आपको पहले भारतीय होना चाहिए। भारतीय के अलावा कुछ नहीं।

अपने दीक्षांत भाषण में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने छात्रों का ध्यान सहिष्णु होने की आवश्यकता की ओर भी आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि हमें अन्य दृष्टिकोण पर भी विचार करना चाहिए। क्योंकि, अक्सर अन्य दृष्टिकोण ही सही दृष्टिकोण होता है।

दीक्षांत समारोह के बाद उपराष्ट्रपति ने आईआईटी के छात्रों के साथ बातचीत की। इस मौके पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा, अध्यक्ष बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, आईआईटी गुवाहाटी डॉ राजीव मोदी, निदेशक आईआईटी गुवाहाटी प्रोफेसर परमेश्वर के अय्यर, वरिष्ठ संकाय सदस्य, छात्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ मंगलवार सुबह पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ (पत्नी) के साथ गुवाहाटी पहुंचे थे। उन्होंने सर्वप्रथम कामाख्या मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उसके बाद दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।



25वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व अन्य।

BRIEF NEWS

## आरा गेट के पास ट्रेन से कटकर एक की मौत

RANCHI : रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरा गेट के पास ट्रेन से कटकर मंगलवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने बताया कि 45 वर्ष के एक व्यक्ति का शव मिला है। ट्रेन से कटने से व्यक्ति की मौत हुई है। आसपास के लोगों से पहचान कराने पर किसी ने भी शव की शिनाख्त नहीं की। उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## सेवानिवृत डाक्टरों की पेंशन संबंधित कागजात पांच दिनों में पूरा करने का निर्देश

RANCHI : रिम्स से सेवानिवृत हुए डाक्टरों के पेंशन संबंधित सारे कागजात को तीन से पांच दिनों के अंदर तैयार करने का निर्देश दिया गया है। निदेशक डा राजीव गुप्ता ने कार्यालय आदेश जारी करते हुए संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया है कि जो भी डाक्टर या ट्यूटर रिम्स में अपनी सेवा देने के बाद सेवानिवृत होते हैं उन्हें प्रबंधन की ओर से कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। कुछ ऐसे डाक्टर हैं जो जनवरी में सेवानिवृत हुए है लेकिन छह माह गुजर जाने के बाद भी उन्हें पेंशन संबंधित अन्य लाभ नहीं मिल पाया है। निदेशक ने कहा कि आगे से किसी भी सेवानिवृत कर्मियों को उनका हक देने में परेशान किया गया तो संबंधित कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी।

## धुर्वा से बाबा अमरनाथ यात्रियों का जत्था रवाना

RANCHI : पिछले 5 वर्षों से बाबा अमरनाथ का दर्शन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में धुर्वा क्षेत्र से लगातार बाबा अमरनाथ के भक्तों का जत्था दर्शन एवं क्षेत्र की सुख शांति के लिए प्रत्येक वर्ष जाते है। मंगलवार को अशोक कुमार के नेतृत्व में बाबा अमरनाथ का दर्शन करने विश्व हिंदू परिषद के रोबिन कुमार, जय किशन, विजय सिंह, विवेकानंद , अभिषेक गुप्ता, अर्जुन प्रसाद, विनोद शाह एवं वनमाली मंडल रांची रेलवे स्टेशन से बाबा अमरनाथ की यात्रा पर रवाना हुए धुर्वा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बाबा भोलेनाथ एवं बाबा अमरनाथ की जय कारा के साथ केसरिया गमछा एवं फूल मालाओं के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किए।

## आनलाइन मोड से 890 छात्रों ने दी बीबीए की परीक्षा

RANCHI : मारवाड़ी कालेज में बीबीए विषय सत्र 2023 के लिए आनलाइन प्रवेश परीक्षा प्राचार्य डा. मनोज कुमार के दिशा निर्देश में ली गई। इस परीक्षा को मारवाड़ी कालेज के एंड्रायड बेस्ड मोबाइल एप्लीकेशन से आनलाइन मोड में संचालित किया गया। बीबीए के 5 सेशन में लगभग 890 छात्रों ने परीक्षा दी और परीक्षा अंत होते ही उन्हें अपने अंक का एप्स के माध्यम से पता चल जाता है। इसकी नामांकन सूची 8 जुलाई को कालेज वेबसाइट में प्रकाशित की जाएगी। बुधवार को इसी माध्यम से बीसीए के लिए भी परीक्षा ली जाएगी।जिसमें लगभग 1000 विद्यार्थियों ने आवेदन दिया है। इस परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कालेज द्वारा टीम गठित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता प्रो. शुभंकर अइच ने की। इस टीम में डा. प्रकाश कुमार, डा. अविनाश कुमार, राजू मांझी, कुणाल कुमार, डा. सुमित कुमार, डा. राकेश सिन्हा, जितेंद्र कुमार, अनुभव चक्रवर्ती, पुनीत कुमार सिंह, पियाली, अनुज कुमार सिंह ने अपना योगदान दिया।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### मोदी सरनेम मानहानि मामला : राहुल गांधी की याचिका पर हुई सुनवाई

# HC ने पलटा निचली कोर्ट का फैसला राहुल को सशरीर हाजिर होने से दी छूट



SPECIAL REPORTER RANCHI : राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। निचली अदालत के फैसले को झारखंड हाईकोर्ट ने पलट दिया है। अब राहुल गांधी को सशरीर कोर्ट में हाजिरी नहीं होना होगा। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाते हुए पीड़क कार्रवाई पर भी रोक लगाई है। झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की गयी थी जिस पर सुनवाई हुई। अब इस मामले में अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी। मंगलवार को न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी के कोर्ट ने सुनवाई के बाद निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाते हुए राहुल गांधी को बड़ी राहत दी। राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर भी रोक लगी है। राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर रॉय ने पक्ष रखा है।

**सिविल कोर्ट में होना था पेश**

मोदी सरनेम मानहानि मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को आज मंगलवार को रांची के एमएलए / एमपी कोर्ट की जज अनामिका किस्कू की कोर्ट में सूचीबद्ध होने के कारण के कारण सशरीर उपस्थित होना था। इस संबंध में प्रार्थी राहुल गांधी के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने कोर्ट को मौखिक रूप से जानकारी दी है कि यह मामला आज हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए लगा हुआ था, जिसमें हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है।

**क्या है मोदी सरनेम मामला**

यह मामला 2019 का है। इस दौरान रांची के मोरहाबादी मैदान में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के दौरान राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी, नीरव मोदी और ललित मोदी का जिक्र करते हुए कहा था कि 'सारे मोदी सरनेम वाले चोर हैं'। इसे लेकर अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई है। याचिका में कहा गया है कि राहुल गांधी के टिप्पणी से पूरा मोदी समाज आहत है, इसलिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

**झारखंड में राहुल के खिलाफ तीन मुकदमे**

झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ तीन मुकदमे चल रहे हैं। पहला मामला वह है जिसमें नवीन झा ने रांची की निचली अदालत में अमित शाह पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। दूसरा मामला अमित शाह को लेकर है। भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में दायर किया था।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी संतोष यादव को मिली जमानत

RANCHI : साइबर फ्रॉड कर उससे अर्जित की गई राशि का मनी लॉन्ड्रिंग करने मामले में आरोपी संतोष यादव को झारखंड हाई कोर्ट ने जमानत प्रदान कर दी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने संतोष यादव को 50,000 रुपए के दो निजी मुचलके पर जमानत प्रदान की। सोमवार को कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी, जिसके बाद आज कोर्ट ने अपने फैसला सुनाया है। बता दें कि संतोष यादव के पास से पुलिस ने 15 लाख की राशि बरामद की




थी। मामले को लेकर देवघर मधुपुर थाना में कांड संख्या 351/2017 दर्ज किया गया था। उस पर साइबर क्राइम मामले में मामला दर्ज किया गया है। बाद में ईडी ने भी मामले में ईसीआईआर 6-2022 दर्ज किया था। ईडी कोर्ट ने संतोष यादव को जमानत देने से इनकार कर दिया था।

## लव जिहाद : तनवीर की बेल पर हुई सुनवाई, कोर्ट ने मांगी केस डायरी

RANCHI : भागलपुर की युवती से मॉडलिंग के नाम पर रेप व लव जिहाद के आरोपी यश मॉडलिंग एजेंसी के संचालक तनवीर अख्तर की जमानत याचिका पर सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने पुलिस से केस डायरी मांगी है। अब तनवीर की बेल पर 15 जुलाई को सुनवाई होगी। सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की कोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। तनवीर की ओर से अधिवक्ता अविनाश पांडेय और



आरोपी तनवीर की फाइल फोटो।

अरविंद पांडेय ने बहस की। बता दें कि रांची पुलिस ने तनवीर को बिहार से गिरफ्तार किया था। इस मामले में रांची पुलिस के द्वारा आरोप लगाने वाली युवती (मॉडल) का कोर्ट में 164 का बयान दर्ज और मेडिकल टेस्ट भी कराया जा चुका है।

## ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण से जाम मुक्त होगी रांची : सचिव

### विनय चौबे ने किया ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण



सुकरहटू में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर की प्रगति का जायजा लेते विनय कुमार।

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री के सचिव सह नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने कहा है कि ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो जाने से राजधानी रांची जाममुक्त होगी। साथ ही प्रदूषण पर नियंत्रण लगेगा। पर्यावरण की सुरक्षा होगी। विनय कुमार चौबे ने ये बातें सुकरहटू में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर की प्रगति के निरीक्षण के बाद मीडिया से कहीं। विनय कुमार चौबे ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया को बताया कि रिंग रोड के निकट ही लोक जन सहभागिता (पीपीपी) मोड पर अंतरराज्जीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जुडको द्वारा टेंडर आमंत्रित किया गया है। यह भी कहा कि वर्तमान के खादगढ़ा बस स्टैंड को पुनर्विकसित किया जायेगा। आइएसबीटी से खादगढ़ा बस स्टैंड को सिटी बस के माध्यम से जोड़ा जायेगा। दोनों बस अड्डों के बीच सिटी बसें चलेंगी। सिटी बसों के परिचालन के लिए एक दो दिनों में टेंडर प्रसारित कर दिया जायेगा। विनय कुमार चौबे ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में जितनी छोटी बड़ी ट्रकों के पड़ाव की व्यवस्था है उसी के अनुरूप रात्रि विश्राम के लिए डोरमेट्री का भी इंतजाम किया जाये। वर्तमान में 180 शैय्या वाले डोरमेट्री का प्रावधान किया गया है जबकि प्रथम चरण में कुल 424 वाहनों के पड़ाव की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो सिर्फ 16 कॉमर्शियल ऑफिस का निर्माण किया जा रहा है उसकी भी संख्या बढ़ायी जाये। सचिव ने परामर्शी एजेंसी आइडेक के प्रतिनिधि द्वारा सवालों के समुचित जवाब नहीं दिये जाने के कारण नाराजगी जाहिर की। निर्माण की प्रगति पर संतुष्टि भी दिखायी। ट्रांसपोर्ट नगर में बन रहे इको फ्रेंडली गैवियन पर प्रसन्नता जाहिर की। विनय कुमार चौबे ने काम को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जुडको के परियोजना निदेशक गोपालजी, परियोजना निदेशक अरविन्द कुमार मिश्र, उप परियोजना प्रबंधक ऋजु श्रीवास्तव और सहायक परियोजना प्रबंधक देवेश भी उपस्थित थे।

## फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूटपाट मामले का पुलिस ने किया खुलासा, तीन ARREST

CRIME REPORTER RANCHI : चान्हो थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूटपाट मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटे गए सैमसंग कंपनी का टैब, 20 हजार नकदी, फाइनेंस कंपनी का पहचान पत्र, फाइनेंस कंपनी का 27 पीस कैश मेमो, अनिल कंपनी का संजीदा खातून के नाम का पासबुक और घटना में प्रयोग किया गया बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने मंगलवार



प्रेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते ग्रामीण एसपी।

को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अधनु पाहन, विजय उरांव और दीपक ठाकुर शामिल हैं। आरोपियों ने चान्हो थाना क्षेत्र के हर्रा एवं लेपसर गांव के समीप बंद पड़े ईट भट्ठा के पास भारत फाइनेंस कंपनी की मांडल शाखा के कलेक्शन बॉय से 30 जून को डेढ़ लाख रुपये लूट लिया था। एसपी ने बताया कि खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में गठित टीम ने दीपक ठाकुर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। उसन घटना में संलिप्तता स्वीकार करते हुए साथियों की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर अन्य दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। सुनील खलखो तुपुदाना से पूर्व में जेल जा चुका है। पुलिस टीम में अवधेश ठाकुर, रंजय कुमार, अंकित कुमार, संजय कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## झारखंड में 26 महीने में पशु तस्करों के खिलाफ 1193 मामले दर्ज, 17335 बरामद



SUHAIB ANSARI, RANCHI : झारखंड के विभिन्न जिलों में पिछले 26 महीने (जनवरी 2021 से फरवरी 2023 तक) के दौरान पशु तस्करों 1193 मामले दर्ज हुए हैं। वहीं 1986 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा 17335 पशु को बरामद किया गया है। पिछले दिनों सीआईडी के द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में यह बात सामने आयी है। पशु तस्करों का गिरोह संगठित और सशक्त है क्योंकि पकड़े गए पशुओं को पुलिस द्वारा ग्रामीणों को सौंपने के बाद पशु तस्कर गिरोह के सदस्य उसे दोबारा हासिल करने की जुगत में लग जाते हैं। इसके लिए गिरोह के सदस्य ग्रामीणों को पैसे का लालच देकर पशुओं को लौटाने का दबाव बनाते हैं।

**जाने किस साल कितने मामले-गिरफ्तारी-बरामदगी**

| साल | मामला | गिरफ्तारी | बरामदगी |
|---|---|---|---|
| 2021 : | 547 | 954 | 7425 |
| 2022 : | 480 | 789 | 7221 |
| 2023 : | 166 | 243 | 2689 |
| कुल | 1193 | 1986 | 17335 |

## एक अगस्त से झारखंड में पीडीएस दुकानें रहेंगी बंद

### 25 हजार राशन दुकानदार रहेंगे हड़ताल पर

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के 25 हजार पीडीएस राशन दुकानदार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक अगस्त से हड़ताल रहेंगे। इसकी चेतावनी एसोसिएशन ने दे दी है। फेयर प्राईस शाप डीलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ज्ञानदेव झा व महामंत्री सूर्य प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य सरकार का रवैया पीडीएस दुकानदारों के प्रति ठीक नही है। पीडीएस दुकानदारों को पिछले 13 महीनें से कमिशन का लगभग 200 करोड़ रुपये नही मिला है। जिसके कारण कई दुकानदारों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। 5 जी के जमाने में भी पीडीएस दुकानदार 2 जी सीम के उपयोग कर लाभुकों को राशन दे रहे है। यह गलत है। जिसके कारण रोजाना लाभुकों को राशन वितरण में परेशानी होती है। पोश मशीन को 4जी की जाएं। साथ ही राशन कार्ड को स्मार्ट कार्ड में तब्दील की जाएं। एसोसिएशन के अधिकारियों ने कहा कि एक अगस्त से पूरे राज्यभर के पोश मशीन बंद रहेंगे। जिला अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने कडरू स्थित एफसीआई गोदाम में कहा कि सभी जिलों के जिला अध्यक्षों से मांग को लेकर बातें हो गई है। सभी जिला अध्यक्ष अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल में जाने की इच्छा जाहिर किया है।

## झारखंड में पिछले दो महीने में दहेज के लिए 27 महिलाओं का हुआ MURDER




SUHAIB ANSARI, RANCHI : झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े भयावह हैं। महिलाओं के साथ दहेज के लिए हत्या और प्रताड़ना के मामले दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं। झारखंड में पिछले दो महीने के दौरान दहेज के लिए 27 महिलाओं की हत्या कर दी गई। मतलब एक महिला हर दूसरे दिन दहेज लोभियों की शिकार हुई।

**सजा का प्रावधान :** आईपीसी की धारा 498-ए दहेज उत्पीड़न से जुड़ी है। इसमें महिला के पति और उसके रिश्तेदारों की ओर से दहेज की मांग पर सजा का प्रावधान है। ऐसे मामलों में 3 साल की कैद और जुमार्ना हो सकता है। इसके अलावा आईपीसी की धारा 406 के तहत अगर महिला का पति या उसके ससुराल के लोग उसके मायके से मिले पैसा या सामान उसे सौंपने से मना करते हैं तो भी तीन साल की कैद और जुमार्ना हो सकता है।

**जाने कहां कितनी महिलाओं की हुई हत्या**

| जिला का नाम | कितने मामले | जिला का नाम | कितने मामले |
|---|---|---|---|
| रांची | 02 | हजारीबाग | 02 |
| गिरिडीह | 04 | गढ़वा | 01 |
| धनबाद | 02 | दुमका | 01 |
| बोकारो | 03 | गोड्डा | 01 |
| चतरा | 02 | देवघर | 02 |
| कोडरमा | 01 | साहिबगंज | 01 |
| रामगढ़ | 02 | चाईबासा | 01 |
| पलामू | 01 | जमशेदपुर | 01 |
| लातेहार | 01 | | |

## रांची की छात्रा का धनबाद में शव बरामद, दो हिरासत में

CRIME REPORTER RANCHI /DHANBAD : धनबाद के गोविंदपुर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा का शव एनएच-19 के किनारे लहू लुहान अवस्था में पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार और डीएसपी अमर कुमार पांडे घटनास्थल पर पहुंचे और शव को धनबाद एसएनएमएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पूरे मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। फिलहाल पुलिस ने उक्त कोचिंग संचालक अनिल रजक एवं एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। इससे पूर्व पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल की। इसके अलावा जब पुलिस को यह पता चला कि बच्ची आवासीय विद्यालयों के प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी तब पुलिस रतनपुर स्थित हंड्रेड सुपर नामक कोचिंग संस्थान पहुंची, जहां संचालक एवं वहां पढ़ने वाले अन्य बच्चों से पूछताछ की और बच्ची के मौत की गुत्थी को सुलझाने की कोशिश की। कोचिंग संचालक रविन्द्र रजक के पिता ने बताया कि 65-70 बच्चे हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे थें। ढाई साल से कोचिंग का संचालन हो रहा था। बच्ची की मौत के बारे में उन्होंने किसी तरह की जानकारी से इनकार कर दिया।

### 2023 में सबसे अधिक दुष्कर्म की 101 वारदातें राजधानी रांची में हुई, पिछले चार वर्षों की तुलना में इस वर्ष कम हुई घटनाएं

# झारखंड में 2019 से लेकर 2023 तक दुष्कर्म की 8928 वारदातें




SUHAIB ANSARI, RANCHI : झारखंड में वर्ष 2019 से अब तक 8928 दुष्कर्म की वारदातें हुई हैं। इस वर्ष अब तक सबसे अधिक दुष्कर्म की 101 वारदातें राजधानी रांची में दर्ज हुई हैं। हालांकि, इस वर्ष अब तक पिछले चार वर्षों की तुलना में दुष्कर्म की वारदातें कम हुई हैं। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में दुष्कर्म की 1998 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 205, धनबाद में 130, गिरिडीह में 136, हजारीबाग में 88, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 88, पलामू में 96, साहिबगंज में 249, दुमका में 40 ,पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 66, बोकारो में 99, लातेहार में 50, जामताड़ा में 29, सरायकेला में 42 सिमडेगा में 49 रेल धनबाद में एक, देवघर में 64, गोड्डा में 80, गुमला में 78, लोहरदगा में 55, चतरा में 58, गढ़वा में 165, कोडरमा में 23, खूंटी में 25, रामगढ़ में 33 और पाकुड में 49 शामिल है।

**वर्ष 2019** में सबसे अधिक 249 दुष्कर्म की घटनाएं साहिबगंज जिले में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 2109 दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 233, धनबाद में 157, गिरिडीह में 100, हजारीबाग में 173, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 106, पलामू में 119, साहिबगंज में 114, दुमका में 49, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 81, बोकारो में 116, लातेहार में 57, जामताड़ा में 27, सरायकेला में 42, सिमडेगा में 31, देवघर में 88, गोड्डा में 92, गुमला में 92 ,लोहरदगा में 50 ,चतरा में 72, गढ़वा में 129, कोडरमा में 45, खूंटी में 37, रामगढ़ में 53 आए पाकुड़ में 48 शामिल है। वर्ष 2020 में सबसे अधिक 233 दुष्कर्म की वारदात राजधानी रांची में हुई है।

**वर्ष 2021** में दुष्कर्म की 2039 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 218, धनबाद में 144, गिरिडीह में 145 हजारीबाग में 163, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 103, पलामू में 91, साहिबगंज में 118, दुमका में 51, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 67, बोकारो में 111, लातेहार में 68, जामताड़ा में 36, सरायकेला में 36, सिमडेगा में 39, रेल धनबाद एक, देवघर में 53, गोड्डा में 112, गुमला में 70, लोहरदगा में 43, चतरा में 56 ,कोडरमा में 41 ,गढ़वा में 134, खूंटी में 34, रामगढ़ में 52 और पाकुड़ में 53 शामिल है। वर्ष 2021 में सबसे अधिक 218 दुष्कर्म की घटनाएं राजधानी रांची में हुई है।

**वर्ष 2022** में दुष्कर्म की 1872 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 178, धनबाद में 131, गिरिडीह में 104, हजारीबाग में 137, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 116, पलामू में 101, साहिबगंज में 94, दुमका में 52 पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 64, बोकारो 98, लातेहार 54, जामताड़ा 27 ,सरायकेला 31, सिमडेगा 39, देवघर 63, गोड्डा 84, गुमला 92 लोहरदगा 60, चतरा 43, गढ़वा 110, कोडरमा 34, खूंटी 38, रामगढ़ 46 और पाकुड़ 76 शामिल है। वर्ष 2022 में सबसे अधिक 178 दुष्कर्म की वारदात राजधानी रांची में हुई है।

**वर्ष 2023** में अबतक 910 दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 101, धनबाद में 71, गिरिडीह में 76, हजारीबाग में 80, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर ) में 60, पलामू में 43, साहिबगंज में 37 दुमका में 15, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा ) में 29, बोकारो में 51, लातेहार में 36, जामताड़ा में नौ, सरायकेला में 15 , गोड्डा में 29, गुमला में 36 लोहरदगा में 25, चतरा में 29, गढ़वा में 51, कोडरमा में 26, खूंटी में 15, रामगढ़ में 26 और पाकुड़ में 21 शामिल है।

BRIEF NEWS

### गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्री गुरू खेपा आश्रम में भक्ति जागरण का आयोजन


भक्ति गीत प्रस्तुत करते कलाकार।

**RAMGARH :** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर थाना मैदान भुरकुंडा स्थित श्री गुरू खेपा आश्रम में भव्य भंडारा के बाद रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में कलाकर विजय बासु, ललन प्रसाद सिन्हा, बबली चैधरी, मिस्टी, शक्ति ने भक्ति गीतों पर श्रद्धालुओं को रात भर झुमाया। इसके पूर्व भंडारा में दर्जनों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। जागरण को सफल बनाने में श्रीश्री 1008 खेपा बाबा, बाबु भाई, गौतम बोस, गांधी, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, जगदीश सागर, पुतल, उमेश प्रसाद, राजकुमार, बसंती देवी, राखी, सुमित्रा सहित दर्जनों लोगो का विशेष योगदान रहा।

### ग्रेजुएशन डे पर छात्र-छात्राओं के बीच सर्टिफिकेट का हुआ वितरण


सर्टिफिकेट के साथ छात्र-छात्राएं

**RAMGARH :** पतरातू के उच्चरिंगा में अवस्थित जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में हेड हेल्ड हाई बेंगलुरु के सहयोग से क्षेत्र के युवाओं के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा था। मंगलवार को बैच के सभी छात्र/छात्राओं को ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम में सर्टिफिकेट दिया गया। कार्यक्रम में 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इन छात्र-छात्राओं को संस्थान द्वारा छः माह का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिंदाल स्टील एंड पावर पतरातु के प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया ने ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहे प्रयास की सराहना किया। उन्होंने कहा ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू और हेड हेल्ड हाई, बेंगलुरु के द्वारा जो प्रशिक्षण दिया गया, इसका सीधा लाभ स्थानीय युवाओं को मिलेगा।

### शिवभक्तों का जत्था देवघर रवाना, बोल बम के जयकारों से गूंजा क्षेत्र


देवघर रवाना होता कांवरियों का जत्था

**RAMGARH :** पतरातु प्रखंड के पालू, रोचाप, तिलैयाटांड़, टेरपा, पीटीपीएस के हजारों श्रद्धालु भक्त मंगलवार को देवघर के लिए रवाना हुए। महादेव भक्त कांवरियों के इस जत्थे को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने शुभ कामनाओं के साथ रवाना किया। मौके पर रौशन लाल चौधरी ने कहा की बाबा बैजनाथ से समस्त लोगों के सामाजिक विकास, सुखी संपन्नता की कामना करते हैं। उन्होंने कहा सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले भक्तों पर हमेशा भगवान शिव की कृपा बरसती है। रवानगी के दौरान भक्तों के ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव, बोल बम आदि भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। रोशनलाल चौधरी ने तमाम शिवभक्तों के मंगलमय यात्रा की कामना के साथ उन्हें भगवान शिव के दर्शन हेतू रवाना किया।

# बरसात के मद्देनजर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर योजनाओं को करें पूरा : DC

## जिला अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के तहत हो रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**PHOTON NEWS RAMGARH :** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।


समीक्षा बैठक में शामिल उपायुक्त माधवी मिश्रा व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

विकास कार्यों व अन्य योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं से कहा कि विभिन्न विकास कार्यों एवं सरकार की योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द लोगों को मिले। इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि आप सभी अपने कार्यों को गंभीरता से करें। इसके लिए उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने एवं कार्य प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने बरसात के मौसम के मद्देनजर योजनाबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को वैसे पुराने आंगनवाड़ी जिनके लिए नए भवन का निर्माण कराया गया है उनका संचालन जल्द से जल्द नवनिर्मित भवन में शुरू करने का निर्देश दिया।

बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार कार्यों को ससमय करें पूरा- वही बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ के जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ससमय कार्य को पूर्ण कर जिले वासियों को बस स्टैंड में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत संचालित गोट बैंक परियोजना के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी से ली। इस दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई। गोट बैंक परियोजना के सफल संचालन हेतु चयनित लाभुकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वही बेहतर तरीके से बकरी पालन की तकनीक व विभिन्न जानकारियां लाभुकों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य द्वितीय चरण का प्रशिक्षण इसी महीने में प्रस्तावित है। इस संबंध में उपायुक्त ने प्रशिक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की सहभागिता प्रशिक्षण में सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया।

जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को किसी भी माध्यम से जलापूर्ति संबंधित किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर उस पर संज्ञान लेने वह जल्द से जल्द समस्या को हल करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं की जानकारी व योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के माध्यम से जिले के कुपोषित बच्चों के उपचार के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को योजनाबद्ध तरीके से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित पंचायतों का चयन कर शिविर आयोजित करने एवं कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिले के प्रतिभावान एवं मेधावी बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश दिलाने हेतु डीएमएफटी के तहत संचालित मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को नियमित रूप से कोचिंग सेंटर का निरीक्षण करने एवं बच्चों को कोचिंग सेंटर के माध्यम से मिल रहे लाभ की जानकारी लेने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के कार्यपालक अभियंताओं को विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के क्रम में उस क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों की आवश्यकता पर भी ध्यान देने एवं उससे संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जिला अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा सड़क निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यो की विस्तार से जानकारी ली एवं कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिले के वैसे स्कूल जिनमे चारदीवारी नही है वहाँ चारदीवारी के निर्माण हेतु कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच पथ के निर्माण व मरम्मती, आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं एवं जीर्णोद्धार आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करने के उपरांत आवश्यक निर्देश दिए।

पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पलानी झरना तक पहुंच पथ के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए वहीं उन्होंने मायाटुंगरी, रजरप्पा सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में हुआ शिविर का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत मंगलवार को ब्लॉक मोड़ पतरातू के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर के 14वें दिन आसपास के क्षेत्रों के चिन्हित सभी 39 कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया वही ग्रामीणों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई।


शिविर में स्वास्थ्य जांच कराती महिला। ● द फोटोन न्यूज

स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना को और भी प्रभावी बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के मद्देनजर टीम के द्वारा आसपास के घरों का भ्रमण कर लोगों टेलीमेडिसिन सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

### स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं

**विस्तृत कवरेज :** एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।

**भंडार कक्ष :** यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा।

**कार्य :** यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रतेक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी।

**लक्षित समूह :** उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे

**सेवाएं :** चलित कुपोषण उपचार वाहन द्वारा दो तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।

**नियमित भोजन :** कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपायुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जाएगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जाएगा।

**टेलीमेडिसिन :** यह मेडिकल वैन रोस्टर के अनुसार गांव- गांव जाएगी और कुपोषित बच्चों के साथ- साथ वयस्कों के लिए टेलीमेडिसिन पर काम करेगी।

# खोपड़िया बाबा धर्मशाला समिति की ओर से भुरकुंडा थाना प्रभारी को सौंपा गया स्मार पत्र

**PHOTON NEWS RAMGARH :** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा मंदिर सह धर्मशाला में मंगलवार को इच्छा पुरण बाला जी हनुमान मंदिर सह खोपडिया बाबा धर्मशाला समिति की बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि पिछले 13 जून को समिति ने भुरकुंडा थाना प्रभारी को नौ सूत्री मांग पत्र सौपा था। जिसमें कहा गया था कि वर्ष 1960 के करीब अलबेला बाबा द्वारा शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसके करीब 5-6 वर्ष बाद इसी परिसर में खोपड़िया बाबा ने यज्ञ करवाया।


बैठक में उपस्थित समिति के लोग। ● द फोटोन न्यूज

यज्ञ के बाद सीमेंट से हनुमान जी की मूर्ति बनाकर पुजा शुरू की गई। जीविका के लिए मंदिर परिसर के दक्षिण और उत्तर दिशा की ओर चार-चार दुकान बनाकर किराये पर दिया गया। करीब 30 वर्ष पूर्व खोपड़िया बाबा का देहांत होने पर तथाकथित कुछ लोग परिसर में ही उनकी समाधि बनाने का प्रयास किए। लेकिन तत्कालिन थाना प्रभारी और बाजार के व्यवसायियों के विरोध के बाद बाबा का पार्थिक शरीर बनारस में जल समाधि दी गई।

खोपड़िया बाबा के मरनोपरांत रख-रखाव के अभाव में मंदिर परिसर गिरने लगा और असामाजिक कार्य होने लगे। जिसे देखते हुए 2014 में तत्कालिन थाना प्रभारी एसएन सिंह के देखरेख में कमेटी बनाकर मंदिर को सुरक्षित करने का कार्य किया गया। जिसके बाद पिछले 6 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन नये हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ का ध्वजारोहण वनांचल पीठाधीश्वर स्वामी दीनदयाल जी महाराज के देख-रेख में संपन्न हुआ। इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन मंदिर परिसर का ताला खोलकर समाज को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे तनाव बढने की संभावना है। स्मार पत्र में समाज में बढ़ने वाले तनाव पर रोक लगाने के लिए अविलंब उचित कारवाई की मांग की गई है।

मौके पर सुरेश उपाध्याय, परमजीत सिंह धामी, महेश्वर साहु, शिवकुमार साव, कृष्णा कुमार बंसल, राजेन्द्र शर्मा, सुखदेव राम, सुनील अग्रवाल, अजय गोयल, सुशील अग्रवाल, श्रवण गोयल, प्रमोद शर्मा सहित अल्य लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ : सड़क निर्माण को ले कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने बरका-सयाल जीएम को सौंपा पत्र

**PHOTON NEWS RAMGARH :** नकारी कॉलोनी के जर्जर सड़क निर्माण कराने को लेकर कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने मंगलवार को बरका-सयाल जीएम को पत्र सौंपा है।

पत्र में क्षेत्रीय सचिव डॉ आशीष कुमार ने कहा है कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी आज तक नकारी कॉलोनी में आने-जाने के लिए कोई सड़क नहीं है। जबकि 2017 से लगातार सीसीएल प्रबंधन से सड़क निर्माण की मांग हमारी यूनियन द्वारा की जा रही है। सड़क नहीं होने के कारण सीसीएलकर्मी, छात्र-छात्राएं व आमजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सड़क के कारण बारिश के दिनो में तो लोगों का आना-जाना भी दुस्वार हो जाता है।

उन्होंनें कहा है कि 2017 में टेंडर होने के बाद भी सड़क नहीं बना जो समझ से परे हैं। उन्होंने जन भावनाओं का समझते हुए नकारी कॉलोनी से लेकर सीसीएल सौंदा मुख्य पथ एकता क्लब तक सड़क निर्माण कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सड़क नहीं होने के कारण यहां एंबुलेंस तक नहीं आता। जिसके कारण कई बार लोगों को जान तक गवानी पड़ी है।

उन्होंने महाप्रबंधक से मामले को संज्ञान में लेकर सिविल विभाग को नया सड़क का एस्टीमेट बनाने का आदेश देते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण नहीं होता है तो हमारी यूनियन आंदोलन को बाध्य होगी।

# सुंदरनगर पंचायत भवन के समीप 60 डिसमिल जमीन पर कब्जे को लेकर हुई मारपीट, मामला पहुंचा भुरकुंडा ओपी

## ग्रामीणों ने सरकारी बंदोबस्ती कागजात में फर्जीवाड़ा की जांच की रखी मांग

**PHOTON NEWS RAMGARH :** गैरमजरूआ जमीन की बंदोबस्ती में फजीर्वाड़ा के खिलाफ सोमवार को हुरूमगढ़ा के रैयत-ग्रामीणों की बैठक हुरूमगढ़ा में हुई। इसकी अध्यक्षता लाल बिहारी मांझी और संचालन राजकुमारा सोरेन ने किया।

बैठक में बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि मौजा देवरिया बरगावां थाना नंबर 48 खाता नंबर 63 प्लाट नंबर 912 कुल रकबा 19 एकड़ 50 डिसमिल मध्ये रकबा 60 डिसमिल भूमि बिरसा मांझी को जमींदारी बंदोबस्ती से हासिल हुई थी। साथ ही वर्ष 2000 तक मालगुजारी रसीद भी निर्गत हुई है। यही नहीं यह झारभूमि साइट में भी आनलाइन दर्ज है। इसके बावजूद विकास सोरेन, जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी सहित अन्य लोग साजिश और षड्यंत्र के तहत हमलोगों की जमीन को हड़पना चाहते हैं।

वहीं दूसरी ओर विकास सोरेन हल्का कर्मचारी से सांठगांठ कर जाली सरकारी बंदोबस्ती कागजात बनाकर गैरमजरूआ भूमि को बेच रहा है। ग्रामीणों ने पतरातू सीओ से बक्शी मांझी के सरकारी बंदोबस्ती कागजात की निष्पक्ष रुप से जांच करने की मांग की है। साथ ही इस मामले को लेकर भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर पुलिस से धारा 144 लगाने का आग्रह भी किया है।

मौके पर महेश हेंब्रम, लालजी मांझी, दशरथ मांझी, पांडे मांझी, संजय मांझी, बिष्णु मांझी, अशोक मांझी, दिनेश मांझी, बाबूलाल मांझी, मोहन मांझी, मानसी मुर्मू, मनीषा देवी, पूजा देवी, मुन्नी देवी, उर्मिला देवी, शिवानी देवी, अग्नि देवी आदि मौजूद थे।

इधर सुंदरनगर पंचायत भवन के समीप 60 डिसमिल जमीन का विवाद पिछले दो सप्ताह से चल रहा है। इस मामले पर कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है।

## धूमधाम से संपन्न हुआ ओशोधारा संघ RAMGARH का गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# राधा रानी की शान में एक से बढ़कर एक बिखेरी नगमों की कड़ियां, भक्ति रस में डूबे मंत्रमुग्ध श्रोता

**PHOTON NEWS RAMGARH :** परम गुरु ओशो की असीम अनुकम्पा एवं समर्थगुरु के शुभाशीष से स्थानीय बिजुलिया तालाब रोड स्थित स्वामी मनोज गुप्ता एवं स्वाति गुप्ता के निवास परिसर में ओशोधारा संघ रामगढ़ के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में जिले भर से पधारे ओशोप्रेमियों की सहृदय उपस्थिति ने उल्लास, उत्साह एवं उमंग के नये कीर्तिमान गढ़े।


भजन कीर्तन में शामिल श्रोता। ● द फोटोन न्यूज

आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सामुहिक पुष्पार्पण, गुरु वंदना तथा लोकमंगल के भावगीत से हुआ। आयोजक की भूमिका में रहे स्वामी मनोज गुप्ता ने अपने साधना काल के अनुभवों को साझा किया। इसके पश्चात आचार्य किशोर गुप्ता ने भगवान शिव के दृष्टांतों पर आधारित हृदयस्पर्शी नाम ध्यान कराया। नाम ध्यान की विशिष्ट अनुभूतियों का आह्लादकारी स्पर्श सभी के मन-प्राण में जैसे रच-बस गया हों, सभी प्रसन्नचित्त दिखाई पड़ रहे थे।

गुरुदेव की आरती में सभी साधक-साधिकाओं ने भावविभोर होकर अपनी भागीदारी निभाई। प्रसंगानुसार ओशोगीतों की धुन पर देहभान भूलकर सभी ने उत्सव का आनंद लिया। इसके पश्चात चरण पहाड़ी से भजन गायक प्रियाचरण दास के नेतृत्व में आए प्रेम कुमार दास, भूषण राधे तथा आनंद राधे ने राधा रानी की शान में एक से बढ़कर नग्मों की कड़ियां बिखेरीं। भक्ति रस में डूबे मंत्रमुग्ध श्रोताओं को ढलती शाम कब रात के आंचल में सिमट गई पता भी नहीं चला। कोरस की जबरदस्त भूमिका निभा रहे ओशोधारा पूर्वी भारत प्रदेश के प्रेस मीडिया कोआर्डिनेटर स्वामी राज रामगढी आज एक अलग अंदाज में नजर आए।

आभार ज्ञापन के क्रम में स्वामी राज रामगढी ने गुरु पूर्णिमा की सनातन परंपरा एवं महत्व को रेखांकित करते हुए सभी की गरिमामयी उपस्थिति के प्रति अनुराग, सम्मान और आभार व्यक्त किया। गुरु प्रसाद के रूप में रात्रि भोजन के साथ आयोजन का समापन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय गांगुली, कंचन गांगुली, केदार मुंडा, श्रवण कुमार ठाकुर, राधेश्याम पाल, मोहन अग्रवाल, रामेश्वर राणा, देवंती राणा, अजय सिंह, धीरेश कुमार, सोनी देवी, रंजू पांडेय, ललिता देवी, मंजू देवी, सुनिता देवी, इन्दु देवी, लक्ष्मी देवी, संतोष अग्रवाल, संतोष गुप्ता, मोहित गुप्ता, भैरवी, विदुषी, वैष्णवी सहित दर्जनों ओशो प्रेमीगण उपस्थित थे। इस तथ्य की जानकारी स्वामी राज रामगढी ने साझा की है।

# ओपी जिंदल स्कूल में अंतर सदनीय श्लोक वाचन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## संस्कृत दुनिया की प्राचीनतम भाषाओं में से एक : गुरुदत्त


प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जेएसपी कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में साहित्य सभा द्वारा मंगलवार को अंतर सदनीय श्लोक-वाचन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास के साथ अपने विचारों को संप्रेषित करने तथा अपने वाचन कौशल को आदर्श स्वरूप प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में चारों सदनों के कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लेते हुए गीता के श्लोकों का वाचन किया।

इस प्रतियोगिता में प्राची कुमारी को प्रथम, साक्षी कुमारी को द्वितीय और मन्नत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वैष्णवी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संस्कृत दुनिया की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। इसे देववाणी के रूप में भी जाना जाता है। यह भाषा अपनी प्राचीनता के साथ-साथ आधुनिकतम वैज्ञानिकता को भी अपने में समेट हुए है। उन्होंने कहा की वाचन कौशल से बालकों के स्वर में आरोह-अवरोह का अभ्यास होता है। बालकों को वाचन के माध्यम से ध्वनियों, अक्षरों, शब्दों, उच्चारण, सस्वरता आदि का सम्यक संस्कार प्राप्त होता है। इससे पूर्ण ज्ञान हो जाता है, जो कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होता है।

# झारखंड बंद का दिखा व्यापक असर, NH-33 तीन घंटे रहा बंद

## प्रदर्शनकारियों ने टाटा खड़गपुर रेल ट्रैक को भी किया बंद

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** ओलचिकी हुल बैसी की और से अपने 4 सूत्री मांगों के आलोक में मंगलवार को बुलाए गए बंद का जमशेदपुर के आस पास के क्षेत्रों में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। सुबह से ही बंद समर्थक एनएच 33 थ्री, करनीडीह, गम्हरिया मानगो आदि क्षेत्रों में निकले और दुकानों से लेकर यातायात व्यवस्था तक को रोक दिया। मानगो चौक पर महिला प्रदर्शनी कारियों ने डिमने से साकची की ओर से जाने वाले मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जिसकी वजह से यहां जाम लग गया औरर गाड़ियों का लंबा काफिला सड़क के दोनों छोर पर देखने को मिला। वाहन रूक जाने की वजह से लोगों को खासा परेशानी हुई उन्हें पैदल ही शहर की ओर रूख करना पड़ा। यही हाल करनडीह, परसुडीह, गम्हरिया, पारडीह आदि क्षेत्रों में देखने को मिला। हालांकि शहर में बंद का आंशिक असर देखने को मिला और एक्का दुक्का दुकानों को छोड़ दें तो सभी प्रमुख बड़े बाजार खुले रहे।



एनएच 33 पर प्रदर्शन करते लोग • फोटोन न्यूज

### प्रदर्शनकारियों की क्या है मांग

प्रदर्शन कारी संताल भाषा को प्रथम राजभाषा का दर्जा देने, अलग से संताली एकेडमी का गठन करने, संताली भाषा का ऑलचिकि लिपि से पुस्तकों का मुद्रण एवं पठन पाठन आरंभ करने, संताली शिक्षकों की बहाली की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है उनकी मांगों को झारखंड सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। जकसी वजह से उन्हें प्रदर्शन का मार्ग अपनाना पड़ा है।

**करनडीह में सुबह 8 बजे से दिखने लगा गंद का असर:**

जमशेदपुर के करनडीह क्षेत्र में सुबह 8 बजे से ही प्रदर्शनकारी सड़कर पर आ गए थे। इस दौरान उन्होंने जमशेदपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जिसकी वजह से एक भी वाहन यहां से नहीं गुजर सका और लोगों को तीन से चार किलोमीटर की दूरी पैदल चकर शहर में अपने जरूरी कार्य के लिए जाना पड़ा। यहां कई बार प्रदर्शनकारी उग्र होते भी दिखे।

**एनएच 33 तीन घंटे से बंद**

डिमना चौक पर भी प्रदर्शनी कारी जुटे और यहां से गुजरने वाले एनएच-33 को अवरूध कर दिया। इसकी वजह से एनएच पर गाड़ियों की लंबी कतार लगी नजर आयी। इस दौरान करीब दो घंटे से अधिक देरी तक एनएच जाम रहा है। जिसकी वजह से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि राहत की बात यह रही की एंबुलेंस स्कूल बस आदि को प्रदर्शनकारी रास्ता देते दिखे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात नजर आए। वहीं एनएच को अवरूद्ध किए जाने से जमशेदपुर घाटशिला या रांची जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**टाटा खड़गपुर रेलवे ट्रैक भी प्रभावित:**

बंद समर्थकों ने टाटा खड़गपुर ट्रैक को भी जाम कर दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में बंद समर्थक यहां पहुंचे और ट्रैक बर बैठ गए। जिसकी वजह से यह पूरा सेक्सशन पूरी तरह ठप्प हो गया है और ट्रेने जहां की तहा रूकी हुई हैं। इसकी वजह से यात्रियों को परेशानी का सामाना करना पड़ रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम पहुंची एमजीएम सेंटर खोलने की जगह को किया चयनित


बैठक में शामिल कर्मी • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कालेज अस्पताल को बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। इस साल के अंत तक यहां पर एक करोड़ 80 लाख की लागत से नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट स्किल सेंटर खोलने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के क्षेत्रीय निर्देशक डॉ. कैलाश कुमार एमजीएम अस्पताल पहुंचे। इस दौरान एमजीएम प्राचार्य डॉ. केएन सिंह व अधीक्षक डॉ. रवींद्र कुमार के साथ निदेशक ने पीजी बिल्डिंग के ऊपरी तल्ले का निरीक्षण किया और सेंटर खोलने के लिए जगह चयनित किया गया। निर्देशक ने बताया कि फिलहाल एमजीएम में उपलब्ध संसाधनों को लेकर सेंटर को चालू कर दिया जायेगा। इसके खुल जाने से मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, इंटर्न, पीजी, एसआर, जेआर समेत अन्य पारा मेडिकल कर्मियों को इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट से जुड़ी ट्रेनिंग दी जा सकेगी।

साथ ही हर तरह की मेडिकल इमरजेंसी में मरीजों को इलाज भी हो सकेगा। सेंटर 24 घंटे 7 दिन के तर्ज पर काम करेगा। सेंटर में ट्रामा, हार्ट रोग, सांस संबंधी बीमारियां, गायनिक समेत अन्य सभी तरह की मेडिकल इमरजेंसी में मरीजों का इलाज हो सकेगा। उन्होंने बताया कि रांची और धनबाद में यह सेंटर शुरू हो चुका है। अब जमशेदपुर में इसे खोलने की तैयारी की जा रही है। सेंटर मेडिकल छात्रों को आपात उपचार कैसे मरीजों को मुहैया कराना है, इसकी ट्रेनिंग दी जायेगी। खासकर सीपीआर देने, आईवी लगाने, नोडल कैथेटर कैसे लगाया जाता है, इस बारे में बताया जायेगा।

## BRIEF NEWS

### खरकई नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**JAMSHEDPUR :** खरकाई नदी में बड़ौदा घाट के पास मंगलवार सुबह एक युवक की तैरती हुई लाश मिली है। हर दिन की तरह घाट में रोजमर्रा के काम में लगे लोगों ने शव देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर छानबीन की और शव का पंचनामा बनाया। इसके बाद शव को उठाने के लिए पुलिस परेशान रही। स्टेशन चौक से दो युवक लाश उठाने के लिए भेजे गए थे, लेकिन उनसे शव नहीं उठाया गया। उसके बाद पुलिस लाश उठाने के लिए और लड़कों को खोजने के लिए स्टेशन पहुंच गई, जहां अपने जुगाड़ू मेन कल्लू से संपर्क किया। फिलहाल, समाचार लिखे जाने तक शव नदी में ही पड़ा हुआ है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस संभावना जता रही है कि शव बहकर बागबेड़ा बड़ौदा घाट पहुंच गया है। शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है उन्होंने बताया अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 28 से 30 वर्ष है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### महा जनसंपर्क अभियान के तहत पद्मश्री प्रेमलता को किया सम्मानित



**JAMSHEDPUR :** देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर महा जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत संपर्क से समर्थन अभियान के तहत शहर की प्रमुख हस्तियों से संपर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा के जिला महामंत्री सह महा जनसम्पर्क अभियान के जिला संयोजक अनिल मोदी ने देश की प्रमुख पर्वतारोही पद्मश्री से सम्मानित प्रेमलता अग्रवाल से मुलाकात की। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा 9 वर्षों में किये गए कार्यों से अवगत कराते हुए उन्हें एक पुस्तक भेंट की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के यह 9 वर्ष सेवा, सुशाशन औ? गरीब कल्याण को समर्पित है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम तय कर रहा है। श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल ने कहा कि वे भी प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी की प्रशंसक हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की की मोदी जी के नेतृत्व में भारतवर्ष विश्व के मानचित्र पर अपना अव्वल मुकाम बनाएगा। इस अवसर पर अनिल मोदी के साथ भाजपा के आजीवन सहयोग निधि के जिला संयोजक विमल जालान भी उपस्थित थे।

### जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र के लिए 5 जुलाई से अंचल कार्यालयों में



### लगेगा शिविर

**JAMSHEDPUR:** झारसेवा परियोजना के तहत जिले के जरूरतमंद लोगों के जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए अंचलवार शिविर (कैम्प) का आयोजन 05 जुलाई से 28 जुलाई तक किया जाएगा। कैम्प के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है। निर्धारित तिथि व स्थान के अनुसार कैम्प में प्रतिनियुक्त अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। वहीं डीसी ने इच्छुक लोगों से अपील की है कि शिविर में आकर ० अपना जाति, आवासीय तथा आय प्रमाण पत्र बनवाएं। जमशेदपुर 05 जुलाई, मानगो 08। जुलाई, पटमदा 11 जुलाई, बोड़ाम 13 जुलाई, पोटका 15 जुलाई, घाटशिला 17 जुलाई, गुड़ाबान्दा 19 जुलाई, मुसाबनी 21 जुलाई,धालभूमगढ़ 24 जुलाई, डुमरिया 26 जुलाई, चाकुलिया

## अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मी के सोते हुए वायरल हुआ फोटो

### स्वास्थ्य मंत्री से मामले हस्तक्षेप करने की मांग


अस्पताल में सोते कर्मी • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान के सबसे बड़े अस्पताल एमजीएम अस्पताल की दो तस्वीर वायरल हो रही है। सोमवार की देर रात को रात्रि 1:30 बजे संकोसाई 5 नंबर रोड के रहने वाले विजय मंडल के पड़ोसी की तबीयत खराब हो गयी थी। जब लोग बीमार व्यक्ति को लेकर अस्पताल के इमरजेंसी में पहुंचे तो अंदर देख कर दंग रह गये। आपातकालीन कक्ष का हाल देख कर होश ठिकाने लग गये। उन्होंने इसकी तस्वीर लेकर शेयर की है। यह फोटो काफी वायरल हो रहा है। फोटोन न्यूज इस फोटो की पुष्टी नहीं करता पर जिस प्रकार से एमजीम अस्पताल में मरीजों की सेवा चल रही है। वो सवालों के घेरे में है। शेयर करने वाले व्यक्ति ने लिखा है। मैं यह तस्वीर केवल इसलिए साझा कर रहा हूं क्योंकि यह तस्वीर जीवन बचाने वाले मंदिर की हैं जहां डॉक्टर रूपी भगवान ड्यूटी बजाने के समय विश्राम कर रहे हैं। फोटो वायरल होने के बाद लोग तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री पर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। तो कुछ लोगों ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में यह हाल है तो अन्य जिलों के अस्पतालों में क्या होता होगा भगवान ही जाने।

## महाप्रसाद वितरण के साथ तीन दिवसीय रामार्चा पूजा का समापन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** विधायक सरयू राय के बारीडीह स्थित कार्यालय में रामार्चा पूजा के महाप्रसाद का आयोजन हुआ। सावन के पहले दिन प्रातः भगवान शिव के रूद्राभिषेक के पश्चात दोपहर 12:30 बजे से प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ। हजारों की संख्या में जमशेदपुर सहित अन्य जिलों से प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। प्रसाद के रूप में बिहार के भोजुपर की प्रसिद्ध व्यंजन हाथी कान पुड़ी, दो तरह की सब्जी आलू पटल, आलू बैगन बड़ी, टमाटर का चंटनी तथा बुंदी प्रसाद के व्यंजन में शामिल था। इस अवसर पर 50 हजार से अधिक संख्या में लोगों के प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। प्रसाद वितरण को लेकर कुल 17 काउँटर व्यवस्थित किये गए थे। प्रासाद ग्रहण करने वालों में महिलाएँ, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक सभी ने बड़े आनंद के साथ प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण की पुरी व्यवस्था भाजमो के विभिन्न मंडलों के कार्यकताओं ने संभाली थी। इस अवसर पर झारखंड श्रीवारी सेवा


पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद ग्रहण करते सरयू राय व अन्य • फोटोन न्यूज

दल के करीब 100 से अधिक सदस्यों ने भी प्रसाद वितरण में अहम भूमिका निभाई। बिहार के आरा जिला के शाहपुर से आए कारीगरों ने रामार्चा पुजा का प्रसाद तैयार किया।

**प्रसाद ग्रहण करने वालों कई गणमान्य लोग थे उपस्थित**

रामार्चा पूजा का प्रसाद ग्रहण करने में जम्बु अखाड़ा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती, पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, खादी ग्राम उत्तर पूर्वी के चेयरमैन मनोज सिंह, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, भाजमो केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, केंद्रीय उपाध्यक्ष राम नारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता आशुतोष राय, अशोक गोयल, खादी ग्राम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनंदु, टाटा कमिंस प्लांट हेड रामफल मेहरा, मनीष जैन, टाटा मोटर्स रजत सिंह, विशाल सिंह, तापस मित्रा, टेल्को वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह, पूर्वी सिंहभूम पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, घाटशिला के जिला परिषद सदस्य करण सिंह, कविता परमार, समाजसेवी अरूण बाकरेवाल, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महासचिव विवेक चौधरी, मारवाड़ी युवा मंच स्टील सीटी साखा अध्यक्ष मोहित मुनका, मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर साखा महासचिव अश्विनी अग्रवाल, कुसुम पूर्ती, खगेन महतो, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय पदाधिकारी एनके सिंह, अशोक सिंह चौहान, बलदेव भुइयाँ, चंदन यादव, कन्हैया सिंह, नटटू झा, भाजमो महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजु सिंह, अमित शर्मा, आरएसएस के कई स्वयंसेवक, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश तथा, विभिन्न जिला के पदाधिकारी और जमशेदपुर महानगर के मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ ही राज्य के सभी राजनीतिक दलों के नेतागण, विभिन्न संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े लोग सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## वर्कर्स कॉलेज के डेमोंस्ट्रेटर अरविंद कुमार को दी गई विदाई

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के रसायन विभाग के डेमोस्ट्रेटर अरविंद कुमार की सेवानिवृत्ति होने के उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन ऑडियो वीडियो हॉल में किया गया। समारोह अरविंद कुमार को महाविद्यालय शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की ओर से स्मृति चिह्न, शॉल, पुष्पगुच्छ, मिष्टान्न देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की परंपरा के अनुसार सेवानिवृत्ति के साथ ही सेवा पुस्तिका और अवकाश पंजी जैसे महत्वपूर्ण कागजात भी प्राचार्य द्वारा उन्हें सौंपे गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सत्यप्रिय महालिक ने कहा कि अरविंद कुमार मृदुभाषी, सरल और सहृदय व्यक्ति हैं। जिन्होंने महाविद्यालय में लंबे समय तक डिप्युटी एग्जामिनेशन कंट्रोलर का दायित्व संभाला। साथ ही वे एनएसएस के कॉर्डिनेटर भी रहे हैं। अरविंद कुमार वर्कर्स कॉलेज के ही छात्र रहे हैं। उन्होंने इस कॉलेज में 1983 से अपनी सेवा आरंभ की थी, और 30 जून 2023 को वे सेवानिवृत्त हुए। प्राचार्य ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और प्रसन्नता की कामना की।इस अवसर परअरविंद कुमार ने अपने विदाई समारोह पर आपने संबोधन में भावुक होकर सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रसायन विभाग की अध्यक्ष, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. अनिलचंद्र पाठक, डॉ वी के मिश्रा, डॉ. एमए खान, प्रो. सुरभि सिन्हा, डॉ. जावेद इकबाल, मनमोहन ने अरविंद कुमार के साथ अपने अनुभव साझा किए।


डेमोस्ट्रेटर अरविंद कुमार को विदाई देते लोग • फोटोन न्यूज

## कोल्हान में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने पर जोर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने को लेकर सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में गुरूवार को जितेन्द्र सिंह, भा.प्र.से., सचिव, उद्योग, झारखण्ड सरकार एवं रमेश घोलप, भा.प्र.से., निदेशक, उद्योग झारखण्ड सरकार शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रेम रंजन क्षेत्रीय निदेशक जियाडा जमशेदपुर, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखण्ड, उर्जा विभाग झारखण्ड, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग झारखण्ड, झारखण्ड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड रांची के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। यह जानकारी चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं उपाध्यक्ष उद्योग महेश सोंथालिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष ने बताया कि बैठक के दौरान चैम्बर कोल्हान में उद्योगों को हो रही समस्याओं को उनके समक्ष रखेंगे ।साथ ही इनके निदान हेतु जल्द से जल्द आवश्यक कदम झारखण्ड सरकार के द्वारा उठाये जाने की मांग करेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से राज्य के दूसरे जिलों में उद्योगों को मिल रही बिजली की दर के समान बिजली की व्यवस्था, बिजली पोर्टेबिलीटी की सुविधा, जमशेदपुर जियाडा के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं और संरचना में सुधार, नये ऑटोमोबाईल कंपनी की स्थापना, माइक्रो लैंड कलस्टर, प्रदूषण विभाग से संबंधित समस्यायें आदित्यपुर में बड़े वाहनों की पार्किंग की सुचारू रूप से व्यवस्था, होल्डिंग टैक्स, पर्चेज पॉलिसी, सब्सिडर आदि मुद्दे हैं ।



### उपायुक्त ने भूजल संचयन से जुड़ी योजनाओं को प्रमुखता से लेने का दिया निर्देश

# जिला योजना समिति ने 50 योजनाओं का किया चयन, 18 के क्रियान्वयन की दी मंजूरी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला योजना समिति की बैठक हुई। जिसमें सांसद, विधायक एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में समिति के सदस्यों के साथ चर्चा के 50 से ज्यादा योजनाओं के चयन पर अपनी सहमति दी। इन योजनाओं की विभागीय रिपोर्ट मिलने के बाद उसी मंजूरी प्रदान की जाएगी। वहीं 18 योजनाओं की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। चयनित योजनाओं में पुलिया, आंगनबाड़ी केन्द्र, पीसीसी सड़क की योजनायें प्रमुख रहीं। बैठक में पथ का निर्माण व मरम्मती, नाला, गार्डवाल निर्माण व चेकडैम निर्माण आदि से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। कुछ आवासीय विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया की मनरेगा योजना से उसकी बायो फेंसिंग करायी जाएगी। वहीं कुछ स्कूलों में बोरिंग होने के बावजूद पानी की समस्या उत्पन्न होने पर उपायुक्त ने भूजल संचयन से जुड़ी योजनाओं को प्रमुखता से लेने का निर्देश दिया। आवास बोर्ड व रेलवे के भवनों में चलेंगे 8 पंचायतों के कार्यालय जिले में 15 पंचायत भवनों का निर्माण कराया जाना है। उपायुक्त द्वारा 7 पंचायत भवनों का निर्माण अनाबद्ध निधि से तथा अन्य 8 पंचायत भवन जो रेलवे या आवास बोर्ड के क्षेत्र में पड़ते हैं वहां क्वार्टर का अधिग्रहण करते हुए पंचायत भवन संचालित किए जाने का निर्देश दिया गया। डीएसई से मर्ज किए गए स्कूलों की सूची मांगी गई ताकि रिक्त पड़े भवनों में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं लाइब्रेरी का संचालन किया जा सके। सभी बीडीओ को प्रखंड मुख्यालय में लाइब्रेरी की स्थापना हेतु भवन, कमरा चिन्हित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि लाइब्रेरी के लिए आधारभूत संरचना प्रखंड उपलब्ध करायें, किताब, बेंच-टेबल तथा लाइब्रेरी के लिए अन्य आवश्यक चीजें जिला से उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में यह अधिकारी रहे मौजूद उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, विशेष पदाधिकारी जेएनएसी संजय कुमार, डीपीआरओ डॉ रजनीकांत मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य कर्मी • फोटोन न्यूज

## तेलुगु समाजम में मनाई गई स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की जयंती



जयंती मनाते लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** ऑल झारखंड तेलुगु समाजम के द्वारा मंगलवार को अल्लूरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती कदमा स्थित केंद्रीय कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा अल्लूरी सीताराम राजू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर समाजम के अध्यक्ष वाई ईश्वर राव ने कहा कि देश की आजादी के लिए ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आदिवासी अधिकारों के लिए लड़ने वाले सीताराम राजू से वर्तमान में युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सभापति एमबी सुब्रमण्यम ने अल्लूरी सीताराम राजू को भारत की संस्कृति की जनजाति पहचान, वीरता, आदर्श और मूल्यों का प्रतीक बताया। महासचिव एल नागेश्वर राव ने कहा कि अल्लूरी सीताराम राजू ने अपना जीवन आदिवासी समाज के अधिकारों और उनके उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।

# सहायक प्रौद्योगिकी पर भारत का दृष्टिकोण और क्षमता

सहायक प्रौद्योगिकी (एटी) अर्थात ऐसा कोई भी उत्पाद या सेवा, जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) अथवा इस तरह की किसी भी स्वास्थ्य स्थितियों का सामना कर रहे लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए दैनिक गतिविधियों का निर्वहन करने में सहायता की जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ द्वारा मई 2022 में सहायक प्रौद्योगिकी पर जारी की गई पहली वैश्विक रिपोर्ट (जीआरईएटी) के अनुसार, दुनिया में 2.5 बिलियन से अधिक लोगों को एक अथवा अधिक सहायक उत्पादों की आवश्यकता होती है। भारत में, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 26.8 मिलियन लोग दिव्यांग हैं और यह उनके लिए सहायक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता को दर्शाता है। भारत में दिव्यांगजनों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित पहुंच शामिल है। इसके अलावा, कई दिव्यांगजन पहुंच की कमी के कारण परिवहन और आवास जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने बनाने के लिए भी संघर्ष करते हैं। सहायक प्रौद्योगिकी दिव्यांगजनों को रोजमर्रा के काम करने और उनके समुदायों में समान रूप से भागीदारी करने में मदद करते हुए इन चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) का उद्देश्य दिव्यांगजनों को गुणवत्तापूर्ण सहायक उपकरण और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना है। पिछले कुछ वर्षों में, एलिम्को भारत में एटी के क्षेत्र में एक प्रमुख भागीदार बन चुका है। एलिम्को सहायक उपकरणों की विस्तृत शृंखला का निर्माण करता है, जिसमें प्रोस्थेसिस, ऑर्थोसिस, श्रवण यंत्र और गतिशीलता सहायक उपकरण जैसे ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, स्टिक, वॉकर, बैसाखी आदि शामिल हैं। एलिम्को ने दुनिया भर में प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सहायता और सहायक उपकरणों का उत्पादन करने के लिए अपनी सुविधाओं का आधुनिकीकरण करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। इस दिशा में, एलिम्को ने अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ सहयोग किया और लोअर लिम्ब प्रोस्थेटिक कंपोनेंट (कृत्रिम पैर) और सक्रिय व्हील चेयर के स्वदेशी निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए टीओटी पर हस्ताक्षर किए। प्रोस्थेटिक्स के लिए एलिम्को द्वारा निर्मित ₹परिवर्तन किट₹ का मूल्य इस श्रेणी में आयातित प्रोस्थेसिस की तुलना में बेहद कम है, जिसे देश भर में हजारों लाभार्थियों को लगाया गया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत दृष्टिबाधित दिव्यांगों के लिए स्वदेशी डिजाइन से निर्मित 'सुगम्य' छड़ी की परिकल्पना की गई है। प्रौद्योगिकी ग्रहण करने की दिशा में एलिम्को द्वारा किए गए प्रयासों में अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक केंद्र; उन्नत डिजाइन दक्षता के साथ 3डी मॉडलिंग और विश्लेषण सॉफ्टवेयर; 3डी प्रिंटिंग सहित कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग (सीएडी) और कंप्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग (सीएएम); सीएनसी स्लाइडिंग हेड मशीन और सीएनसी टर्न मिल मशीन का उपयोग; सटीक/सटीक धातु विश्लेषण के लिए- स्पेक्ट्रो विश्लेषक; बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल में रिवर्स ड्राइव और डिस्क ब्रेक और एक्टिव फोल्डिंग व्हील चेयर तथा रफ टेरेन व्हील चेयर का डिजाइन/ड्राइंग जैसी नई सुविधाएं शामिल की गई हैं। दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थलों और परिवहन प्रणालियों को अधिक सुलभ बनाने के लिए सरकार द्वारा 2015 में सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया गया था और यह दिव्यांगजनों के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को अधिक सुलभ बनाने पर केंद्रित है। कौशल विकास के लिए 2015 में शुभारंभ की गई राष्ट्रीय कार्ययोजना का लक्ष्य 2022 तक दस लाख दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिसमें दिव्यांगजनों को उनके कौशल विकसित करने में सहायता करने के लिए एटी प्रदान करने का प्रावधान है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) की सहायता/उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजन को सहायता (एडीआईपी) योजना दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों और अन्य उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है और यह सबसे लोकप्रिय भी है तथा जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए इसमें देश के सभी जिले शामिल हैं। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के तहत विभाग द्वारा देश भर में नौ राष्ट्रीय संस्थान स्थापित किए गए हैं, साथ ही राष्ट्रीय संस्थानों की विस्तारित शाखाओं के रूप में 21 समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) भी स्थापित किए गए हैं। भारत दिव्यांगजनों के लिए एटी समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्टअप में वृद्धि का साक्षी बन रहा है, जो दिव्यांगजनों के लिए नवीन उत्पाद बनाने हेतु नवीनतम तकनीक का लाभ उठा रहे हैं। यह भारत सरकार के समर्थन से समावेशन को बढ़ावा देने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता कर सकते हैं। आज, एटी दिव्यांगजनों के लिए विश्वमंच पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय है, जो दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने पर केंद्रित एक वैश्विक कार्यक्रम है। कुल मिलाकर, भारत में दिव्यांगता क्षेत्र में सहायक प्रौद्योगिकी का व्यापक दायरा महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्ट-अप और इनोवेटर्स का एक बढ़ता हुआ इको सिस्टम भी है।

# रूस पर निर्भरता की समीक्षा का समय

**ANALYSIS**

✍ दिव्य कुमार सोती

**पुतिन लंबे समय तक खुफिया अधिकारी रहे हैं तो ऐसी अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक है। सच जो भी हो प्रिगोजिन के नाटकीय विद्रोह के दो प्रत्यक्ष परिणाम निकले। पहला यह कि वैगनर समूह के खतरनाक लड़ाकों की बेलारूस में तैनाती से पूर्वी यूरोप में तनाव बढ़ गया। पोलैंड और लिथुआनिया ने इस खतरे को लेकर बयान जारी किए हैं। दूसरा यह कि रूसी सत्ता के गलियारों में सब कुछ सामान्य नहीं और गुटबाजी बढ़ रही है। पुतिन के लंबे कार्यकाल में रूस चेचन्या और दागेस्तान में विद्रोही आंदोलनों को शांत करने, जार्जिया से दक्षिण ओसेटिया और अबकाजिया को अलग कराने, क्रीमिया को रूस में शामिल करने जैसी सैन्य सफलताएं हासिल कर चुका है। हालांकि, पश्चिम द्वारा यूक्रेन को दी जा रही सैन्य-वित्तीय मदद से यूक्रेन युद्ध के लंबा खिंचने पर रूस में एक राजनीतिक धड़ा सहज नहीं है। प्रिगोजिन के विद्रोह का कुछ घंटों में भले ही नाटकीय पटाक्षेप हो गया हो, परंतु इसने रूस जैसे अनुशासित देश की आंतरिक स्थिरता पर प्रश्न चिह्न अवश्य लगा दिया है। अगर रूसी सरकार में कुछ तत्व पश्चिमी खुफिया एजेंसियों के संपर्क में हैं तो यह और भी गंभीर विषय है, क्योंकि यह रूस, चीन और भारत जैसे बड़े देशों को विद्रोह एवं आंदोलन के माध्यम से अस्थिर करने की पश्चिमी देशों की नीति और क्षमता दोनों का परिचायक है।**

पिछले सप्ताह रूस में वैगनर समूह के सैन्य विद्रोह की खबरों ने पूरी दुनिया को चौंकाने का काम किया। जितनी तेजी से इस विद्रोह की चिंगारी भड़की, उतनी ही तेजी से शांत भी हो गई। इस तत्काल शांति के पीछे सौदेबाजी की खबरें हैं। बाखमुट की लड़ाई में रूसी विजय के नायक रहे वैगनर के मुखिया येगवेनी प्रिगोजिन ने इस विद्रोह के लिए रूसी रक्षा मंत्री और सेनाध्यक्ष की गलत नीतियों को जिम्मेदार बताया। इससे पहले पश्चिमी मीडिया में खबरें आती रहीं कि पुतिन की बीमारी के दौरान ये दोनों अमेरिका से कोई समझौता चाहते थे। इसलिए अटकलें तेज हैं कि क्या प्रिगोजिन के विद्रोह को पुतिन का मौन समर्थन था ताकि क्रेमलिन में पुतिन की नीतियों से असहमत गुट को किनारे लगाया जा सके? चूंकि पुतिन लंबे समय तक खुफिया अधिकारी रहे हैं तो ऐसी अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक है। सच जो भी हो प्रिगोजिन के नाटकीय विद्रोह के दो प्रत्यक्ष परिणाम निकले। पहला यह कि वैगनर समूह के खतरनाक लड़ाकों की बेलारूस में तैनाती से पूर्वी यूरोप में तनाव बढ़ गया। पोलैंड और लिथुआनिया ने इस खतरे को लेकर बयान जारी किए हैं। दूसरा यह कि रूसी सत्ता के गलियारों में सब कुछ सामान्य नहीं और गुटबाजी बढ़ रही है। पुतिन के लंबे कार्यकाल में रूस चेचन्या और दागेस्तान में विद्रोही आंदोलनों को शांत करने, जार्जिया से दक्षिण ओसेटिया और अबकाजिया को अलग कराने, क्रीमिया को रूस में शामिल करने जैसी सैन्य सफलताएं हासिल कर चुका है। हालांकि, पश्चिम द्वारा यूक्रेन को दी जा रही सैन्य-वित्तीय मदद से यूक्रेन युद्ध के लंबा खिंचने पर रूस में एक राजनीतिक धड़ा सहज नहीं है। प्रिगोजिन के



विद्रोह का कुछ घंटों में भले ही नाटकीय पटाक्षेप हो गया हो, परंतु इसने रूस जैसे अनुशासित देश की आंतरिक स्थिरता पर प्रश्न चिह्न अवश्य लगा दिया है। अगर रूसी सरकार में कुछ तत्व पश्चिमी खुफिया एजेंसियों के संपर्क में हैं तो यह और भी गंभीर विषय है, क्योंकि यह रूस, चीन और भारत जैसे बड़े देशों को विद्रोह एवं आंदोलन के माध्यम से अस्थिर करने की पश्चिमी देशों की नीति और क्षमता दोनों का परिचायक है। यूक्रेन युद्ध में अमेरिका और नाटो के भारी दखल के चलते रूस के लिए चीन पर निर्भरता बढ़ाते जाने के अलावा कोई चारा नहीं बचा। दोनों के संबंध प्रगाढ़ होते जा रहे हैं। इसने एशिया के पारंपरिक भू-राजनीतिक समीकरणों को बिगाड़ दिया है। जब से माओ ने सोवियत संघ से टकराव का रास्ता अपनाकर कम्युनिस्ट चीन की नीतिगत स्वायत्तता पर जोर डाला था तब से चीन-रूस के संबंध तनावपूर्ण ही रहे थे। 1971 में चीन पाकिस्तान की सहायता के लिए सेना इसीलिए नहीं भेज पाया था, क्योंकि उत्तर से रूसी हमले का खतरा था। सोवियत संघ के विघटन के बाद से रूस कमजोर होता गया और चीन आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरा। इस दौर में रूस और चीन के संबंध सुधरते गए, परंतु रूस ने भारत की सहायता कर चीन की बढ़ती शक्ति को संतुलित करने का निरंतर प्रयास किया। यह स्थिति यूक्रेन युद्ध शुरू होने तक बनी रही। रूस ने भारत को एस-400 जैसी अत्याधुनिक मिसाइल रक्षा प्रणाली दी, जिसकी तैनाती चीनी सेना की राकेट फोर्स की भारत के उपर बढ़त को संतुलित करने के लिए की गई। गलवन में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद रूस द्वारा भारत को शीघ्रता से जरूरी सैन्य साजोसामान उपलब्ध कराया गया, पर बाइडन प्रशासन की आक्रामक नीतियों ने रूस को पूरी तरह चीनी खेमे में धकेल दिया है। स्थिति यह हो गई है कि रूसी युद्धपोत ताइवान के पास चीनी युद्धपोतों के साथ आक्रामक गश्त लगा रहे हैं। आज यह एक बड़ा प्रश्न उभर रहा है कि भारत आपात स्थितियों विशेषकर चीन से टकराव की स्थिति में रूस पर कितना निर्भर रह सकता है? सामान्य स्थितियों में भी रूस से आने वाले सैन्य साजोसामान के भारत पहुंचने को लेकर विलंब की शिकायतें रही हैं। यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी रक्षा उत्पादक क्षेत्र पहले से ही दबाव में है। वहीं, चीन से भारत का तनाव घट नहीं रहा है। अमेरिका से हमारे सैन्य रिश्ते अवश्य सुधर रहे हैं, किंतु उनकी प्रकृति सामरिक महत्व की दूरगामी सैन्य परियोजनाओं पर अधिक केंद्रित है। रूस अभी भी भारत का सबसे बड़ा सैन्य आपूर्तिकर्ता है। यह स्थिति रातोंरात नहीं बदली जा सकती। चीन के बढ़ते खतरे को लेकर अमेरिका क्वाड जैसे मंच को सक्रिय बनाने के अलावा भारत के साथ सामरिक साझेदारी पर गंभीरता से काम भी कर रहा है, लेकिन संकल्प के स्तर पर अभी भी वह कहीं न कहीं पसोपेश में है। अमेरिका महत्वपूर्ण सामरिक साझेदार देशों के आंतरिक मामलों पर प्रवचन देने की अपनी आदत से भी बाज नहीं आ रहा। इसका ताजा उदाहरण प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर शरारत भरा एक सवाल पूछने वाली एक पत्रकार की भारतीयों द्वारा इंटरनेट मीडिया पर आलोचना होने पर व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक कड़वा बयान है। यह समझना भी आवश्यक है कि अमेरिका में वोक कल्चर के नाम पर उपज रही एक अपसंस्कृति, जो छोटे बच्चों को भी यौन वस्तु की तरह देखती-दिखाती है, सांस्कृतिक रूप से उतना ही बड़ा एक खतरा है जितना कि चीन हमारे लिए सैन्य खतरा है। पुतिन के नेतृत्व में रूस इस अपसंस्कृति के विरोध में खड़ा है और उसका पतन अमेरिका की इस सांस्कृतिक विकृति को बेलगाम कर देगा। रूस-चीन का मजबूत होता गठजोड़ अमेरिका को भारत पर सामरिक रूप से अधिक निर्भर बनाता जाएगा। यदि रूस को यूक्रेन युद्ध में असफलता मिलती है तो पुतिन का पतन तय है। इन स्थितियों में भारत का सामरिक महत्व और कद बढ़ेगा। इसके बावजूद भारतीय नीतिकारों के समक्ष शक्ति संतुलन बनाए रखने को लेकर गंभीर चुनौतियां हैं। भारत पश्चिमी देशों को समझाए कि यदि वे चीनी खतरे को लेकर गंभीर हैं तो रूस पर इतना दबाव न बनाएं कि चीन लाभ उठा ले जाए। भारत के लिए रूस को भी समझाना जरूरी होगा कि चीन से बढ़ती रूसी नजदीकियां भारत को अमेरिका की ओर ले जाएंगी और तब रूस की हैसियत चीन के कनिष्ठ सहयोगी की रह जाएगी, जो रूस को एक महाशक्ति के रूप में देखने वाले रूसियों को भी स्वीकार्य नहीं होगी।

**लेखक काउंसिल आफ स्ट्रैटेजिक अफेयर्स से संबद्ध सामरिक विश्लेषक हैं।**

# विपक्षी एकता की कठिन डगर

अमीर खुसरो ने लिखा है, बहुत कठिन है डगर पनघट की, कैसे मैं भर लाऊं मधवा से मटकी। पनिया भरन को मैं जो गई थी, दौड़ झपट मोरी मटकी पटकी! बहुत कठिन है।.. राकांपा में टूट के बाद ये पंक्तियां वर्तमान में चल रही विपक्षी एकता की कवायद को चरितार्थ कर रही हैं। कई दल कहते दिख रहे हैं कि अकेले मोदी जी को हराना मुश्किल है। हमें एकजुट होकर अखाड़े में उतरना होगा। इनको यह भी अहसास है कि न मोदी को अकेले हरा सकते हैं, न अखाड़े में गिरा सकते हैं। फिर भी 2024 की चुनावी चौपाल पर चर्चा चालू रखना उनकी मजबूरी है। हालांकि विपक्षी एकता की हांडी इससे पहले भी 2018 में कुछ राज्यों के चुनाव में विपक्षी दलों के अच्छे प्रदर्शन के बाद चढ़ी थी, लेकिन वह पकने से पहले ही टूट गई। आज जो दल एकता का ढोल पीट रहे हैं, वे पुराने ढोल के नए खोल से ज्यादा कुछ नहीं हैं। इनमें अधिकांश अलग-अलग राज्यों में मिलकर पहले भी अपना सियासी सूपड़ा साफ करा चुके हैं। आजादी के बाद यह पहला मौका है जब कोई गैर-कांग्रेसी सरकार अपने दो कार्यकाल के पड़ाव पर पहुंचकर तीसरे कार्यकाल की तरफ बढ़ रही है। आजादी के बाद से देश में विपक्षी एकता का इतिहास देखें तो ह्यनाकाम सरकार-नाकारा नेतृत्वह्न उसके केंद्र में रहा है। जबकि आज परिस्थितियां विपरीत हैं, नरेन्द्र मोदी के अथक परिश्रम से दुनिया में देश का डंका बज रहा है। भारतीय लोकतंत्र के सशक्तीकरण का गवाह बीता एक दशक कई संकटों के समाधान का साक्षी रहा। अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंदी, कोरोना का कहर, रूस-यूक्रेन युद्ध, खाड़ी देशों का तनाव, रूस पर विश्व के बड़े देशों के आर्थिक प्रतिबंध, घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार, तथाकथित असहिष्णुता, अल्पसंख्यकों-दलितों के साथ भेदभाव का नकली हौव्वा, किसानों के हित के नाम पर भटकाने का खेल, लोकतांत्रिक-संवैधानिक संस्थाओं पर संकट के साजिशी दुष्प्रचार को धूल-धूसरित करते हुए भारत न केवल घरेलू मोर्चे पर सफलता के कीर्तिमान स्थापित करता रहा, बल्कि वैश्विक मोर्चे पर मजबूत ताकत और अर्थव्यवस्था बनकर भी उभरा। विपक्षी एकता की पहली इबारत तब लिखनी शुरू हुई जब 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया। 1963 में हुए कुछ उपचुनाव में कांग्रेस को जनाक्रोश का सामना करना पड़ा। विपक्ष के दिग्गज डा. लोहिया, मीनू मसानी, आचार्य कृपलानी और मधु लिमये आदि कांग्रेस को शिकस्त देकर जीत गए। चीन के आक्रमण से देश उबरा भी नहीं था कि 1965 में पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण कर दिया। हालांकि, तत्कालीन सोवियत संघ के हस्तक्षेप से युद्धविराम एवं ताशकंद समझौता हुआ, पर देश के आर्थिक-सामाजिक हालात बेहाल होते रहे। चीन और उसके बाद पाकिस्तान से युद्ध के दुष्प्रभाव भरे माहौल में 1967 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हुए। चुनाव बाद लोकसभा में एक मजबूत प्रभावी विपक्ष की मौजूदगी दर्ज हुई। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और बंगाल आदि नौ प्रमुख राज्यों में विपक्ष ने एकजुट होकर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया। संयुक्त विधायक दल (संविद) यानी गैर-कांग्रेसी सरकारें बनीं। हालांकि यह एकता विरोधाभासों और वैचारिक मतभेदों के चलते बहुत लंबी नहीं चली और कांग्रेस ने इसका फायदा उठाया। फिर आपातकाल के जुल्म ने विपक्षी नेताओं में एकता का जुनून जगाया। विपक्ष ने एकजुट होकर 1977 में अपनी अलग-अलग वैचारिक तथा राजनीतिक पहचान को ह्यजनता पार्टीह्न का रूप दिया, जिसने 295 लोकसभा सीटें तो जीतीं, लेकिन सत्ता में आते ही विरोधाभासों से भरी सरकार और पार्टी दो साल में ही बिखर गई। कांग्रेस ने इस टकराव की सियासत को भुनाया और 1980 के चुनाव में ह्यचुनें उसे जो सरकार चला सकेह्न के नारे के साथ 373 सीटें जीतकर फिर सत्ता पर काबिज हो गई। इसके बाद हुए गठबंधन के प्रयोग या तो असफल रहे या बिखर गए। कांग्रेस को इसका खूब लाभ मिलता रहा। भारतीय लोकतंत्र 1989 से 2014 के बीच भी गठबंधनों के युग से गुजरा, लेकिन सफलता पर प्रश्नचिह्न रहा या कांग्रेस के भरोसे रहा। लोगों में यही धारणा घर करती गई कि गैर-कांग्रेसी विपक्ष या सरकार स्थायित्व नहीं दे सकते। 2014 के बाद वक्त की करवट और लोगों की राजनीतिक परिपक्वता ने सरकार तो गठबंधन की बनाई, पर पूर्ण बहुमत भाजपा को दिया। कांग्रेस की सबसे बड़ी परेशानी मोदी जी के नेतृत्व में पहली गैर-कांग्रेसी सरकार की सफलता और स्थायित्व की कसौटी पर खरा साबित होना है। कांग्रेस की हमेशा यह सोच रही कि या तो सरकार डायनेस्टी (परिवार) की हो या डिक्टेशन (निर्देश) की या डेपुटेशन (प्रतिनियुक्त) की, जिसे परिवारतंत्र अपने रिमोट से कंट्रोल कर सके, लेकिन मोदी जी ने परिवारवाद के इस गुरूर को चकनाचूर कर साबित किया कि ह्यडिमाक्रेसी डिलीवरह्न कर सकती है। पिछले नौ वर्षों में यह भ्रम पूरी तरह से टूट गया है कि कांग्रेसी कंट्रोल के अलावा कोई सरकार बेहतरीन प्रदर्शन नहीं कर सकती। इसी हताशा से बौखलाई कांग्रेस देश और दुनिया में भारत के लोकतांत्रिक, संवैधानिक संकल्प के खिलाफ साजिशों की सूत्रधार बनती प्रतीत हो रही है। आज वैचारिक दिवालियेपन से जूझ रहे विपक्षी कुनबे में चौतरफा विरोधाभास, मतभेद, निहित स्वार्थ दिखाई दे रहे हैं। गठबंधन पर अभी से कांग्रेस कब्जा करने की चतुराई दिखा रही है। क्षत्रपों को भी इसका अहसास है। उनके सामने गठबंधन से ज्यादा अपना गढ़ बचाना प्राथमिकता है। इन सियासी सूरमाओं को अहसास है कि जनता का मोदी सरकार को तीसरा अवसर देने का संकल्प उनका सूपड़ा साफ कर सकता है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**




पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। राजकीय श्रावणी मेला में झारखण्ड सरकार आप सभी का स्वागत और अभिनंदन करती है। भगवान भोलेनाथ सभी की मनोकामना पूर्ण करें। हर हर महादेव!

**(सीएम हेमंत सोरेन के के ट्विटर अकाउंट से)**



महान स्वामी विवेकानन्द को उनकी पुण्य तिथि पर स्मरण। सेवा, मानवता और आध्यात्मिक ज्ञान के उनके आदर्श हमें एक मजबूत और जीवंत भारत के निर्माण के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन करते रहेंगे। हम एकता और भाईचारे के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

**(पीएम नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



स्मार्ट मीटर खरीद में अनियमितता पर झारखंड बिजली वितरण निगम और आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध कमर्शियल कोर्ट में मुकदमा दायर हुआ है। ये आज कोर्ट के सामने हाज़िर नहीं हुए। कोर्ट ने 30 जुलाई 2023 की अगली तारीख दी है। निर्देश दिया है कि इस दिन हाज़िर नहीं होने पर एकतरफा फैसला सुना देगा।

**(विधायक सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

# तय हुए आगामी चुनाव के मुद्दे

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भोपाल में भाजपा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिया गया संबोधन असाधारण था। जैसे-जैसे प्रधानमंत्री बोल रहे थे वैसे-वैसे पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों के भीतर भी रोमांच भाव पैदा हो रहा था। कई बार तो रोंगटे खड़े होने की स्थिति पैदा हुई। इसमें उठाए गए मुद्दे ऐसे थे जिन पर स्वतंत्रता के बाद से अब तक इतने मुखर होकर स्पष्टता से प्रधानमंत्री तो छोड़िए किसी राजनीतिक नेता तक ने बोलने का साहस नहीं दिखाया था। प्रधानमंत्री मोदी ने समान नागरिक संहिता, तीन तलाक, मुस्लिम समाज के भीतर बहुसंख्यक पसमांदा आदि पर बातचीत की। हमारे देश की राजनीति का मूल चरित्र मुसलमानों से जुड़े मुद्दों पर बोलने और कदम उठाने से बचने का रहा है। इस कारण गंभीरता से कभी मुस्लिमों से जुड़े मुद्दों पर न बहस हुई और न सरकारों ने साहस के साथ कदम उठाने पर विचार किया। प्रधानमंत्री के बयान के बाद से पूरे देश में हलचल मची हुई है। समान नागरिक संहिता संपूर्ण भारत की तस्वीर में ऐसा विषय नहीं है, जिसको अलग से आरोपित कर दिया जाए। सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक समानता, समतापूर्ण भारत के निर्माण की दृष्टि से समान नागरिक संहिता का साकार होना अपरिहार्य है। संविधान निमार्ताओं द्वारा नीति निर्देशक तत्वों में इसे लक्ष्य घोषित करने तथा न्यायालयों द्वारा बार-बार याद दिलाने के बावजूद सरकारें इससे बचती रहीं। प्रधानमंत्री ने ठीक ही कहा कि इसके नाम पर कुछ दल मुस्लिम भाई-बहनों को भड़का रहे हैं। उनका यह प्रश्न बिल्कुल उचित था कि एक घर, एक परिवार में सबके लिए अलग-अलग कानून हो तो क्या वह चल पाएगा? कम्युनिस्ट पार्टियों के एजेंडे में समान नागरिक संहिता रही है और समाजवादियों की एक बड़ी धारा भी इसके पक्ष में थी। आज लगता है मानो ऐसा करना किसी एक मजहब के विरुद्ध होगा। पसमांदा मुसलमानों की ओर नजर दौड़ाइए तो मुस्लिम समाज में बहुसंख्यक होने के बावजूद जातिभेद और असमानता उनके लिए अभिशाप बनी हुई है। मजहब बदलकर भी वे मुसलमानों के बीच सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सभी दृष्टि से पीछे हैं। सारी पार्टियां, बुद्धिजीवी, एक्टिविस्ट इसे जानते हैं, लेकिन चूंकि यह मुस्लिम समाज से संबंधित है इसलिए कोई साहस नहीं दिखाता। नीतीश कुमार ने पसमांदा का विषय उठाया भी तो लक्ष्य सामाजिक न्याय स्थापित करने के बजाय केवल वोट लेना था। जब एक साथ तीन तलाक का मुद्दा आया तो कट्टरपंथी मुसलमानों के साथ नामी-गिरामी मुस्लिम संगठनों ने उसे इस्लाम के विरुद्ध बताया और राजनीतिक दलों ने उनके स्वर में स्वर मिलाया। प्रधानमंत्री ने देश को इन बातों की याद दिलाते हुए कहा कि वोट के लिए इन मुद्दों पर भाजपा और संघ आदि को बदनाम करने के लिए अभी तक झूठ फैलाया जाता रहा है। उच्चतम न्यायालय ने भी तीन तलाक को इस्लाम का अंग नहीं माना। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि जब तथ्यों और तर्कों के साथ मुस्लिम समाज के बीच जाएंगे, सच बताएंगे, विरोधियों के फैलाए झूठ को तोड़ेंगे तब उनका भ्रम दूर होगा। इस हिसाब से देखें तो लोकसभा चुनाव 2024 का एजेंडा तय हो गया है। अगर प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि तस्वीरों में एक जगह दिखने वाले विपक्षी भ्रष्टाचार में फंसे हैं तो क्या यह सच नहीं है? उन्होंने कहा कि इनका एक होना किसी बात की गारंटी है तो वह है भ्रष्टाचार और इसके विरुद्ध हमारी गारंटी है कि हम किसी भी भ्रष्टाचारी को छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने परिवारवाद पर भी कड़ा प्रहार किया। यह राजनीति का सबसे बड़ा रोग रहा है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



एक बड़ी आबादी के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली बहुत बड़े सहारे के रूप में है। इस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त और मजबूत होना चाहिए। देखा जाए तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली को लेकर आए दिन शिकायतें मिलती रहती हैं। कहीं राशन कम दिए जाने की शिकायत मिलती है तो कहीं लाभुकों के नाम ही सूची से गायब हो जा रहे हैं। वहीं फर्जी लाभुकों के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। राशन डीलर छद्म नाम वालों के नाम पर राशन का वितरण दिखा देते हैं। जबकि उनके नाम पर उठाव दिखाए जानेवाले राशन की कालाबाजारी कर दी जाती है। शिकायतें मिलती हैं। कहने को कार्रवाई भी होती है लेकिन समस्या दूर नहीं हो रही है। भ्रष्टाचार को दूर करने के उद्देश्य से ही ई पाश मशीन की व्यवस्था की गई ताकि सारे रिकार्ड आनलाइन रहें। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। यह सोचा जाना भी जरूरी था कि ई पाश मशीन के लिए इंटरनेट का ठीकठाक सिगनल मिलना चाहिए। 5 जी के जमाने में भी पीडीएस दुकानदार 2 जी सिम के उपयोग कर लाभुकों को राशन दे रहे है। इसके कारण रोजाना लाभुकों को राशन वितरण में परेशानी होती है। ई पाश मशीन को 4जी की जानी चाहिए ताकि इंटरनेट ठीक से काम करे। साथ ही राशन कार्ड को स्मार्ट कार्ड में तब्दील किया जाना चाहिए। व्यवस्था पर सतत और बारीक नजर रखने की जरूरत है।

**तबरेज मास्टर, मदनपुर, कोकडोरो।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एनजीटी की रोक के बावजूद खरकई नदी पर चल रहा अवैध बालू उत्खनन

## बालू की कीमत आसमान पर, प्रशासन रोकने में नाकाम

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** एनजीटी के रोक के वाबजूद तांतनगर अंचल क्षेत्र के खड़कई नदी से अवैध बालू उत्खनन बदस्तूर जारी है। बालू माफियाओं की ट्रेक्टर बरोकटोक दिनरात अवैध बालू लाद कर सड़कों पर सरपट दौड़ रही है। यह बालू तांतनगर के खड़कई नदी से उत्खनन कर चाईबासा, झींकपानी, चक्रधरपुर समेत अन्य इलाके में पहुंचाई जा रही है। जहां मोटी रकम पर बेची जा रही है। दिन रात बालू की ढुलाई होने से न सिर्फ सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। नदी से बालू खनन कर ट्रेक्टरों के जरिए विभिन्न गांव से होकर चाईबासा पहुंचाया जाता है। बालू खनन होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं प्रशासन अवैध बालू को रोकने में नाकाम है। तांतनगर अचंल क्षेत्र के खड़कई नदी बालू के लिए जिला में विख्यात है। बालू माफिया नदी से खनन कर दिनरात ट्रेक्टरों के जरिये



अवैध बालू लदा ट्रैक्टर (ऊपर में) व बालू घाट (नीचे में) • फोटोन न्यूज

कुम्बराम, लोवाहातु, रोलाडीह, कुलाबुरू, इलिगाड़ा, रंगो, कुर्सी, संकोसाई, सिकुरसाई होते हुऐ चाईबासा पहुंचाया जाता है।

**बालू की कीमत आसमान पर:**

बालू माफिया द्वारा नदी से बालू खनन कर विभिन्न रास्तों के जरिये चाईबासा पहुंचाया जाता है। चाईबासा में बालू की (100सीएफटी) यानि प्रति ट्रेक्टर 7 हजार से 10 हजार रुपये में बेचा जाता है।

**रात को ट्रेक्टर चलने से ग्रामीणों का नींद हराम:**

तांतनगर अचंल के खड़कई नदी से बालू खनन कर दिनरात को विभिन्न गांव से होकर चाईबासा पहुंचाया जाता है। रात को ट्रेक्टर चलने से गुजरने वाले गांव के लोग गाड़ी की आवाज से न सिर्फ परेशान हैं बल्कि नींद भी हराम हो रही है। ग्रामीण कहते हैं रात को बालू ले जाने वाले ट्रेक्टर की आवाज से नींद हराम होती है। रात को बालू लदे ट्रेक्टरों को नहीं चलाने के लिए बोलने पर माफियाओं द्वारा धमकी दी जाती है। देश में इस समय एनजीटी लागू है। बालू की उठाव पूरी तरह बंद है। जिस क्षेत्र से बालू खनन होगी तो क्षेत्र के ग्रामीण मुंडा भी जिम्मेदार होगें। और उसके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई होगी। अनंत कुमार, प्रभारी सीओ तांतनगरइ इत्यादी।

### पुलिस की हर जरूरत को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ते बालू माफिया

तांतनगर अचंल क्षेत्र के खड़कई नदी से बालू तस्करी में लगे माफिया द्वारा पुलिस मूमेंट की रेकी की जाती है। रेकी करने में माफिया तत्व के लोग तांतनगर ओपी के आसपास दिन रात आसानी से नजर आयेंगे। (पुलिस मूमेंट का तुरंत फोन से सूचना दी जाती है) ट्रेक्टर चालक जिसके कारण गतंव्य तक पुलिस पहुंचने से पहले बालू लदे गाड़ी को ठिकाने पर लगा दिया जाता है। छापेमारी दल बैरंग लौटते हैं। रेकी करने वाले माफिया तत्व के लोग पुलिस की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। चूंकि पुलिस की हर जरूरत को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं।

## सेल बीसीएल के अयस्क खदानों में स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने में करें मदद : DC



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** सारंडा वन क्षेत्रों में अवस्थित सेल, बीसीएल जैसी कंपनियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को सारंडा के मानकी मुंडाओं एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इन लोगों को कहना है कि सारंडा वन में वर्षों से स्थाई रूप से निवास करने वाले लोग अभी भी पिछड़े हुए हैं। सेल, बीएसएल के चार-चार महारत्न कंपनी की लौह अयस्क खदानें इस सारंडा वन में अवस्थित है। फिर भी सारंडा वन में वर्षों से स्थाई रूप से निवास करने वाले लोग अभी भी रोजगार के लिए भटक रहे हैं। ऐसे स्थिति में भी कुछ युवक आईटीआई डिप्लोमा एवं एचएमवी की ट्रेनिंग लेकर रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इनमें से कुछ युवक ऑनलाइन के माध्यम से सेल बीएसएल के किरीबुरू लौह अयस्क खान, मेघाहातुबुरू लौह अयस्क खान, गुवा अयस्क खान एवं मनोहरपुर अयस्क खान (चिड़िया) में निकाली गई बहाली की परीक्षा में शामिल हुए हैं। सारंडा वन में स्थाई रूप से निवास करने वाले लोगों की दयनीय स्थिति को देखते हुए इन बेरोजगार युवकों को सहयोग की अति आवश्यक है। उपायुक्त से आग्रह किया है कि सारंडा वन में स्थाई रूप से निवास करने वाले बेरोजगार युवक जो सेल बीएसएल की इन चारों खदानों में ऑनलाइन द्वारा निकाली गई बहाली की परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों को सहयोग करें, ताकि इन बेरोजगार युवकों को अपने ही क्षेत्र में स्थाई रोजगार प्राप्त हो सके और सारंडा का विकास हो। मांग पत्र में जोजोगुटू ग्रामीण मुंडा कानूराम देवगम, क्षेत्रीय पीढ़ मानकी लागरी देवगम समे अन्य मुंडा व ग्रामीणों का हस्ताक्षर शामिल है।

## BRIEF NEWS

### जिप सदस्य जोन मिरन मुंडा ने एन एच 75 सड़क का किया निरीक्षण



**CHAIBASA:** झींकपानी जिला परिषद सदस्य जॉन मीरन मुंडा ने मंगलवार को एनएच 75 सड़क का निर्माण कार्य का निरिक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि सड़क बन रही है और टूट भी रही है। जिससे सड़क की गुणवत्ता में सवाल उठना लाजमी है। यह सड़क निर्माण में करोड़ो रुपए खर्च हो रहें हैं। यह सड़क जिला का मुख्य सड़क है लेकिन अगर घटिया रूप से निर्माण होगा तो जनता फिर से आने जाने को लेकर मुसीबत में आ जाएगी। किसी समय यही सड़क को लेकर सरकार गिरी थी और बनी भी लेकिन ये सड़क अब ठेकेदारी और कमीशन खोरी का जरिया बन गई है। जब सड़क बुरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी थी तो 3 करोड़ रुपए मरम्मत के लिए खर्च किया गया लेकिन सड़क वैसे ही रहा। लोग धूल से परेशान रहें कई बार आंदोलन भी हुआ लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसी तरह सड़क का निर्माण में अब करोड़ो खर्च हो रहें हैं लेकिन इसका गुणवत्ता में कोई ध्यान नहीं है। इसके अलावा सड़क का चौड़ी करण में रैयती जमीन जा रही है जिसको अभी तक मुआवजा नहीं मिला। इसके अलावा इसमें काम करने वाले मजदूरों को 250 - 300 दिया जा रहा है जो सरकारी दर से काफी कम है। इससे साफ होता है की सड़क निर्माण में गुणवत्ता, मजदूरी और जमीन मालिकों को मुआवजा पर ध्यान नहीं है। हमारा संगठन इसके लिए हाट गम्हरिया से चाईबासा तक पद यात्रा निकालेगा और उपायुक्त से जाँच की माँग करेगा।

### मलेरिया से बचाव के लिए डीडीटी का छिड़काव शुरू



**CHAIBASA:** जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर बारिश के मद्देनजर मलेरिया सहित सभी वेक्टर जनित रोग की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला भीबीडी कार्यालय की ओर से चिन्हित घरों के भीतरी भाग में डीडीटी का छिड़काव किया जा रहा है। जिले में 20 जून से संचालित इस अभियान के तहत 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत 163 उपकेंद्र के 869 गांव को आच्छादित किया जाना है। जिसमें 1,42,800 घरों के कुल 7,16,306 जन लाभान्वित होंगे। जिला अंतर्गत वेक्टर जनित रोग के नियंत्रण के लिए प्रथम फेज में शुरूआत से 45 दिनों तक जारी गतिविधियों के तहत अब तक 73 स्वास्थ्य उप केंद्रों के 389 गांव के 60,127 घरों के भीतरी भाग में डीडीटी का छिड़काव पूरा कर लिया गया है तथा छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है।

### भाजपा के प्रवास कार्यक्रम को लेकर महिला मोर्चा के पदाधिकारी पहुंचे मेघाहातुबुरु

**CHAIBASA:** पश्चिम सिंहभूम जिला के भाजपा महिला मोर्चा की झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रभारी राजपति देवी के नेतृत्व में महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य मालती गिलुवा, पश्चिम सिंहभूम जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष दुर्गावती बोयपाई, जिला महामंत्री पुतुल पूर्ति एवं सीमा कुमारी जगन्नाथपुर विधान सभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास योजना कार्यक्रम के तहत मेघाहातुबुरु स्थित भाजपा कार्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने भाजपा सारंडा महिला मोर्चा समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ घंटों बैठक कर पार्टी संगठन की मजबूती, केन्द्र सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने, पार्टी के सिद्धान्तों को जनता को बताने, आपसी मतभेदों को भुलाने आदि का निर्देश दिया।

## लायंस क्लबः पनपोष ने किया अन्नदान और हुआ पौधरोपण

### नवनियुक्त अध्यक्ष बने अजय पुरोहित


कार्यक्रम में शामिल लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA:** लायंस क्लब पनपोष, राउरकेला के वित्तीय वर्ष 2023-24 की नई कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय पुरोहित बने। अजय पुरोहित ने पहले दिन सेवा कार्य के तहत सेक्टर 16 स्थित श्रद्धा आश्रम में विकलांग बच्चों के लिए चावल की बोरियां वितरण किया। इस दौरान चेयरमैन लाइंस राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहित, पूर्व अध्यक्ष भरत लखानी समेत क्लब के काफी सदस्य शामिल थे। इसी तरह वेदव्यास गौशाला में गौ सेवा का आयोजन किया गया। इस मौके पर अजय पुरोहित समेत डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायंस ममता गौतम, पूर्व अध्यक्ष राधिका गौतम , चेयरमैन राजेश शर्मा क्लब के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। दूसरे दिन डॉक्टर्स डे पर डेंटिस्ट राजू पोद्दार को क्लब के पदाधिकारियों के द्वारा सम्मानित किया गया। क्लब की पीआरओ नीतू झुनझुनवाला, पूर्व अध्यक्ष रवि पोद्दार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। बिसरा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों के द्वारा 40 फलदार व छायादार पेड़ लगाए गए। इसमें क्लब के पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल हुए।

## नहीं रूक रहा लॉटरी का अवैध कारोबार, टिकट बेचते दो गिरफ्तार

### मुर्गा पाड़ा की आड़ में धड़ल्ले से चल रहा हब्बा-डब्बा का खेल, पुलिस ने की छापेमरी

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** पुलिस प्रशासन की ओर से अवैध लॉटरी, हब्बा-डब्बा, मुर्गा पाड़ा आदि अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाए जाने के बावजूद यह अवैध धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शहर समेत आसपास के क्षेत्रों में यह अवैध धंधा काफी जोरशोर से चल रही है। सदर थाने की पुलिस छापेमारी अभियान चलाकर अवैध लॉटरी टिकट बेचते दो व्यक्तियों को पकड़ कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में बड़ीबाजार निवासी मो सैफ एवं न्यू कॉलोनी टुंगरी निवासी अजय घोष शामिल है। दोनों व्यक्तियों को 3 जुलाई को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया था। सदर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि अवैध धंधेबाजों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाई जाएगी। बता दें कि शहर के विभिन्न चौक चौराहों, होटलों व पान दुकानों में धड़ल्ले से अवैध लॉटरी का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। यही नहीं शहर के आसपास के क्षेत्रों में मुर्गा पाड़ा के आड़ में हब्बा-डब्बा, जुआ आदि का अवैध धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। शहर के सटे मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के प्रत्येक


गिफ्तार आरोपियों की जानकारी देती पुलिस • फोटोन न्यूज

मंगलवार को मुर्गा पाड़ा का आयोजन किया जाता है। जहां मुर्गों की लड़ाई कम होती है लेकिन हब्बा-डब्बा व शराब की बिक्री जोरों पर चलती है। हब्बा-डब्बा खेलने के लिए शहर समेत आसपास के लोग दो पहिया चार पहिया वाहनों से पहुंचते हैं। मानों कोई मेला लगा हुआ हो। पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार अभियान चलाए जाने के बाद भी अवैध धंधेबाजों पर नकेल नहीं कस पाना चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त धंधेबाजों की मोटी रकम वरीय पदाधिकारियों के पास भी पहुंचती है। यही कारण कि अवैध धंधेबाजों पर पुलिस भी नकेल नहीं कस पा रही है। लॉटरी के धंधे में शामिल अवैध धंधेबाज अपने दर्जनभर एजेंटों के माध्यम से पूरे शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में लॉटरी का अवैध लॉटरी के धंधे का जाल बिछा रखा है। अवैध लॉटरी, जुआ, हब्बा डब्बा, मुर्गा पाड़ा के अवैध धंधों का संचालक और मास्टरमाइंड सिकंदर यादव, संदीप तियु और मुनकी शर्मा पूर्व में कई बार जेल भी जा चुके हैं। मगर इन लोगों के जेल से छुटते ही अवैध धंधा काफी जोर शोर से चलने लगता है। हालांकि कुछ दिनों तक यह अवैध धंधा काफी हद तक रुक गया था। मगर एक बार फिर से शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध लॉटरी का धंधा काफी फल-फूल रहा है। शहर से सटे डिलियामार्चा में कुछ माह पूर्व पुलिस ने छापेमारी कर एक घर से अवैध डुप्लीकेट लॉटरी टिकट छापने में उपयोग होने वाले कंप्यूटर प्रिंटर सहित भारी मात्रा में नकली अवैध टिकट बरामद किया था और इस अवैध धंधे में शामिल मुख्य सरगना सहित चार लोगों को जेल भी भेजा था। बीते दिनों चक्रधरपुर में एएसपी ने शहर में अवैध लॉटरी टिकट का कारोबार होने की सूचना पर छापेमारी मारकर भारी मात्रा में अवैध लॉटरी टिकट जप्त की थी और इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार किया था। अब फिर से अवैध लॉटरी का धंधा भारी पैमाने पर हो रहा है। इस अवैध धंधे के संचालक और सरगना बड़ी चालाकी से शहर के प्रमुख स्थानों चाय पान की दुकानों होटलों में अपने एजेंटों के माध्यम से अवैध लॉटरी टिकट बेचवा रहे हैं। लोगों को लॉटरी में लाखों का प्राइज का लालच देकर उनकी खून पसीने की गाढ़ी कमाई लूटी जाती है। इस अवैध लॉटरी के धंधे में आम लोग, बेरोजगार, प्रतिदिन कमाने खाने वाले मजदूर इस गिरोह का शिकार हो रहे हैं। इस धंधे में शामिल लोग लाखों की उगाही कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बंगाल, पुरुलिया, असम, नागालैंड का लॉटरी टिकट बड़ी चालाकी से मंगा कर और नकली लॉटरी छाप कर यह धंधा फल-फूल रहा है। बड़ी बाजार, मेरी टोला, बस स्टैंड, जेएमपी चौक, तांबो चौक, नीमडीह, एसपीजी मिशन स्कूल के पास, पाताहातु, सुफलसाई आदि क्षेत्र में इस अवैध धंधे में शामिल संचालक और उसके सरगना के एजेंट अवैध लॉटरी का टिकट बेचते दिख जाते हैं। यह टिकट लोगों को आसानी से मिल जाती है। लोग लालच में आकर इस धंधे में फंस जाते हैं। शहर से सटे आसपास के गांवों में मुर्गा पाड़ा के आड़ में हब्बा-डब्बा खूब खेलाया जा रहा है। इन स्थानों पर आए दिन मारपीट आदि की घटनाएं भी होती रहती हैं। अवैध शराब की बिक्री होती है, असामाजिक तत्वों का जमावाड़ा भी लगता है।

## राउरकेला से कांवरियो का जत्था बाबाधाम रवाना

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला से कावरियों का एक जत्था मंगलवार को बाबा धाम(देवघर) रवाना हुए। शहर से बाबा धाम के लिए पहली टोली राउरकेला स्टेशन से साउथ बिहार ट्रेन से रवाना हुई। पिछले कई सालों से यह जत्था झारखंड के बाबा धाम जाते हैं। सावन मास में इस बार इन कावरियों की टोली सीताराम अग्रवाल, कमल पंसारी, संदीप शर्मा, दिलीप अग्रवाल, विनोद मित्तल, मोंटू अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, रवि कुमार समेत अन्य कांवरिया पांच दिवसीय कांवर यात्रा में सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए। सुल्तानगंज से गंगा में डुबकी लगाने


राउरकेला से रवाना होते कावरिये • फोटोन न्यूज

के बाद गंगाजल भरकर 105 किलोमीटर पैदल यात्रा करने के बाद 8 तारीख को बाबा धाम पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ को जल अर्पण करेंगे। वहीं शाम को श्रृंगार दर्शन करने के बाद 9 तारीख को इनकी वापसी झारखंड से राउरकेला के लिए होगी। जत्थे में शामिल लोगो को छोड़ने के लिए राउरकेला स्टेशन में इनके परिवार के लोग पहुंचे थे।

### सांसद गीता कोड़ा के प्रयास से बलंडिया में हुई डीप बोरिंग

**CHAIBASA:** हाटगम्हरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम बलंडिया में पेयजल की बहुत समस्या थी, ग्रामीणों को काफी दूर से उपयोग हेतु पानी लाना पड़ता था, इसी को लेकर ग्रामीणों ने सांसद गीता कोड़ा से डीप बोरिंग करवाने के लिए अनुरोध किया था, ग्रामीणों के अनुरोध पर स्थानीय लोगों की चिरप्रतीक्षित मांग त्वरित संज्ञान लेते हुए सांसद गीता कोड़ा ने बलंडिया गांव में सांसद निधि से स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा की उपस्थिति में मंगलवार को बोरिंग करवाया गया है।

## अवैध तरीके के मिट्टी काटकर बना रहे ईंट

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राज्य में लाल ईंटों के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। राउरकेला के आसपास ही मिट्टी की ईंटों का उत्पादन खुलेआम हो रहा है। मिटी के कटाव से प्रदूषण बढ़ रहा है। सूचना है कि बिसरा प्रखंड के नामसेरा पंचायत में अवैध मिटी काटकर ईंट बनाने का काम चल रहा है। कोयल नदी के किनारे स्थित इस ईंट फैक्ट्री में नदी की रेत और कृषि मिट्टी के अवैध इस्तेमाल का आरोप है। ईंटों को जलाने के लिए कोयले का उपयोग किया जा रहा है, जिससे स्थानीय क्षेत्र



में प्रदूषण फैल रहा है। ग्रामीण शिकायत भी करें तो कोई कार्रवाई नहीं होती। इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण संगठन की ओर से स्थानीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारियों के पास शिकायत की गई थी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की टीम ने सोमवार को पांच अवैध ईंट भट्ठों का भंडाफोड़ किया। हालांकि, इस तरह के अवैध ईंट उत्पादन के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है। इसका शिकायतकर्ता और आम लोग इंतजार कर रहे है।

### आयुक्त ने की लीज शर्तों के उल्लंघन व अंतरण के लंबित मामलों की समीक्षा

# JAMSHEDPUR में करीब 150 एकड़ भूमि में अतिक्रमण, आयुक्त ने मांगी रिपोर्ट

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** कोल्हान प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में मंगलवार प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार की अध्यक्षता में खासमहाल भूमि के लीज नवीकरण, लीज शर्तों का उल्लंघन व अंतरण के लंबित मामलों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से अपर उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम, अपर उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम, अनुमंडल


बैठक में सामील आयुक्त व अन्य लोग • फोटोन न्यूज

पदाधिकारी सदर चाईबासा, खासमहल पदाधिकारी जगन्नाथपुर, चक्रधरपुर, धालभूम, अंचलाधिकारी सदर चाईबासा, झिंकपानी, जगन्नाथपुर, नोवामुंडी, चक्रधरपुर, जमशेदपुर सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। चक्रधरपुर खासमहाल भूमि के समीक्षा के दौरान लगभग 39 लीजधारी के द्वारा भूमि अपने नाम कर लिया गया है। जिस पर प्रमंडलीय आयुक्त के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर को निर्देशित किया गया कि वर्तमान दखलगार के नोटिस करते हुए उसकी अद्यतन रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर आयुक्त कार्यालय को प्रेषित करेंगे। चाईबासा खासमहाल भूमि के कुल 1922 लीजधारी हैं। जिसमें 495 लीजधारियों का लीज नवीकरण किया जा चुका है। शेष 1427 को नोटिस निगत किया जा चुका है। जिसमें प्रमंडलीय आयुक्त के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नोटिस तामिला करते हुए अतिक्रमणवाद करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## बार एसोसिएशन ने किया राजेश शुक्ल का अभिनंदन

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाईस चेयरमैन और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ट अधिवक्ता श्री राजेश कुमार शुक्ल ने कहा है कि झारखंड में अधिवक्ताओं के कल्याणकारी योजनाओं को राज्य बार कौंसिल और भी तेज करेगा। श्री शुक्ल जो अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के राष्ट्रीय महामंत्री भी है ने कहा कि झारखंड सरकार अधिवक्ताओं के हितों के प्रति गंभीर नही है। राज्य सरकार की कथनी और करनी में एकरूपता रहनी चाहिए।श्री शुक्ल आज सरायकेला खरसांवा जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित अपने अभिनन्दन समारोह को



सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरायकेला बार एसोसिएशन में हर महीने युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रशिक्षण दिलाने हेतु कार्य किया जायेगा ताकि उनकी गुणवत्ता और भी बढ़े। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रभात कुमार ने कहा कि श्री शुक्ल राज्य के अधिवक्ताओं के गौरव है जिन्होंने राज्य के अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप दिलाने में बराबर निर्णायक भूमिका निभाई है।

THE PHOTON NEWS

www.thephotonnews.com
Wednesday, 05 July 2023

# फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में प्रियामणि



वेब सीरीज द फैमली मैन के बाद सर्वम शक्तिमय में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस प्रियामणि अपकमिंग फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में हैं। उनके फैंस उन्हें शाहरुख खान के साथ पर्दे पर देखने के लिए बेताब है। प्रियामणि साउथ की वो एक्ट्रेस हैं, जो ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स से तौबा करती हैं।

इस एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों में नो किसिंग पॉलिसी कायम रखा है। ऐसा उन्होंने क्यों किया है इसके पीछे की कई वजह हैं, जिसका खुलासा एक्ट्रेस ने खुद किया है। प्रियामणि ने न केवल साउथ बल्कि बॉलीवुड में भी अपने अभिनय का परचम लहराया है। प्रियामणि ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स से दूर रहती हैं। उन्होंने बाकायदा अपने कॉन्ट्रेक्ट में नो किसिंग क्लॉज एड किया हुआ है।

क्यों ऐसा उन्होंने किया आप भी जान लीजिए जवान एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया कि उनके हाथ से कई प्रोजेक्ट्स के ऑफर थे, जिनमें उन्हें इंटीमेट सीन करने की जरूरत थी। लेकिन उन्होंने इन ऑफर्स से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑनस्क्रीन गालों पर किस करने से ज्यादा कुछ भी करने से बचना उनकी निजी पसंद है। नो किसिंग पॉलिसी के बारे में प्रियामणि ने आगे कहा, मैं ऑनस्क्रीन किस नहीं करूंगी। इसके लिए मेरी तरफ से हमेशा ना हैट। उन्होंने कहा कि मैं ये अच्छे से जानती हूं कि ये सिर्फ एक रोल और मेरा काम है, लेकिन निजी तौर पर अगर कहूं तो, मुझे ऑनस्क्रीन किसी दूसरे आदमी को किस करना पड़े तो मैं बिलकुल सहज नहीं रहूंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शादीशुदा हूं और मुझे अपने पति के प्रति जवाबदेह होना होगा।

उन्होंने आगे कहा, मैं जानती हूं कि जब भी वो प्रोजेक्ट आउट होगा तो मेरी दोनों तरफ की फैमिली इसे देखेंगी। वो भी जानते हैं कि यह मेरा काम है, लेकिन मैं असहज महसूस नहीं करना चाहती। वो लोग देखकर सोचेंगे कि शादीशुदा होने के बावजूद हमारी बहू ये सब क्यों कर रही है? कोई और उसके ऊपर हाथ क्यों रख रहा है? वो लोग कुछ भी नहीं कहेंगे, पर यह मेरी पर्सनल चॉइस है। प्रियामणि ने 23 अगस्त 2017 में मुस्तफा राज के साथ शादी की है।



# रणवीर सिंह ने की एक मजेदार रील शेयर

फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म के गाने पर एक्टर रणवीर सिंह ने एक मजेदार रील शेयर कर फैंस का दिन बना दिया है। दरअसल, कुछ दिन पहले रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पहला गाना तुम क्या मिले रिलीज हुआ है। इस गाने को लोगों ने काफी पसंद किया था। आलिया भट्ट ने भी गाने के प्रमोशन के लिए इस पर एक रील बनाया था। वह समंदर के किनारे इस गाने पर गुनगुनाती हुई नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने रील के साथ कैप्शन में लिखा था, पहले पहाड़ों पर और अब बीच पर... हम तो गाते रहेंगे। ये काफी वायरल हुआ था। अब रणवीर सिंह ने आलिया भट्ट की तरह एक रील शेयर किया है, बस फर्क वीएफएक्स का है। रणवीर ने मजे में कहा कि उनका आलिया की तरह बजट नहीं है, इसलिए उन्होंने वीएफएक्स के जरिए समंदर के किनारे तुम क्या मिले गाने पर रील बनाया।

शॉर्ट हेयर और शर्ट-जींस में रणवीर बहुत हैंडसम लग रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए रणवीर ने कैप्शन में लिखा, आलिया के रील जितना बजट नहीं था। उन्होंने आलिया को टैग भी किया। गंगूबाई एक्ट्रेस ने रणवीर के वीडियो पर कमेंट कर उन्हें लीजेंड बताया। साथ ही इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी रील रीशेयर कर हाहाहा लिखा है। रणवीर सिंह के इस वीडियो पर लोगों ने मजेदार रिएक्शन दिया। किसी को रणवीर शॉर्ट हेयर में हैंडसम लगे, तो वहीं कुछ लोगों ने कहा कि आदिपुरुष से बेहतर रणवीर के रील का वीएफएक्स है।

एक और यूजर ने मजे लेते हुए कहा, रणवीर सिंह भाई ये कोई तरीका है आदिपुरुष की वीएफएक्स टीम को ट्रोल करने का। एक ने कहा, आदिपुरुष टीम अभी भी आपको सर्च कर रही है। बता दें कि रणवीर सिंह की गिनती बॉलीवुड के उम्दा कलाकारों में होती है। शायद ही कोई सितारा है, जो उनकी एनर्जी से भरी वाइब्स को मैच करता हो। इन दिनों एक्टर अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं।

# वो हर बात पर अपनी नाक घुसाती है:आलिया

## -नवाजुद्दीन की पत्नी ने कंगना पर निकाली भडास






बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी ने कंगना पर जमकर भड़ास निकाली है ।हाल ही में 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में नजर आईं आलिया सिद्दीकी ने एक इंटरव्यू में कंगना पर तंज कसते हुए कहा, 'मैं उस पर ध्यान नहीं देती। क्योंकि मेरी नजरों में उनकी कोई वैल्यू नहीं है। मैं उन्हें तवज्जो नहीं देती, क्योंकि उसकी बात में दम तो होता नहीं है। वो हर जगह हर किसी से पंगे लेती रहती हैं। वो बस हर बात पर अपनी नाक घुसाती हैं। आलिया ने आगे कहा, 'कंगना के अलावा किसी और ने कुछ नहीं बोला, क्योंकि उन्हें अपनी फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' को सपोर्ट करना था। बेशक, वो प्रोड्यूसर हैं, उन्हें फिल्म बचाना है, तो वो आवाज उठाएगी ही, लेकिन वह हमेशा गलत चीजों पर आवाज उठाती हैं। ऐसे में मेरी नजर में उसकी कोई कीमत मेरी नहीं है। आपको याद दिला दें, कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उस वक्त सपोर्ट किया था, जब आलिया ने बंगले के गेट के बाहर खड़े एक्टर का वीडियो शेयर किया थ। इस वीडियो में नवाजुद्दीन गेट के बाहर खड़े होकर आलिया से बात करते हुए नजर आ रहे थे। वीडियो में दोनों के बीच काफी बहस सुनने को मिली थी। नवाजुद्दीन को सपोर्ट करते हुए कंगना ने कहा था, 'जब नवाज जैसे बड़े स्टार को उनकी ही पत्नी ऐसे अपमानित कर रही है तो ये सब देखकर मुझे रोना आ रहा था। बता दें कि एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी की शादीशुदा लाइफ काफी समय से उलझी हुई है। सोशल मीडिया पर आलिया और नवाजुद्दीन ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए थे। दोनों के मेटर में पिछले दिनों एक्ट्रेस कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को सपोर्ट किया था।

# बेटे और पति संग लंदन की सड़कों में दिखी सोनम

सोनम कपूर इन दिनों लंदन में फैमिली टाइम स्पेंड कर रही हैं, जहां से उन्होंने पति और बेटे संग बिताए खूबसूरत पलों की तस्वीरें अपने प्रशंसकों के साथ शेयर की हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को यूजर्स खूब पसंद भी कर रहे हैं। सोनम कपूर ने अपने इंस्टग्राम की स्टोरी पर यह तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि सोनम पति आनंद अहूजा और बेटे वायु के साथ लंदन के नोटिंग हिल्स में वॉक कर रही हैं। इस दौरान सोनम ने ब्लैक ओवरसाइज शर्ट और स्नीकर्स के साथ ट्रैक पैंट पहना है। वहीं आनंद टी-शर्ट और ट्रैक सूट में दिख रहे हैं। जबकि इनका लाडला को-ऑर्ड सेट पहने दिख रहा है। सोनम ने बेटे वायु को गोद में लिया हुआ है, जिस पर पापा आनंद खूब प्यार उड़ेल रहे हैं। कई तस्वीरों में आनंद अपने बेटे को कंधे पर उठाए घुमा रहे हैं।

# जेनिफर बोली कुक का प्रपोज करना रोमांचक क्षण था



एक्ट्रेस जेनिफर लॉरेंस ने कुक मैरोनी के प्रस्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया को याद करते हुए कहा, भयानक, लेकिन बहुत, बहुत रोमांचक था। मैंने वह नहीं कहा जो मैं कहना चाहती थी। मैंने लाखों बार इसकी कल्पना की और फिर आखिर में बस यही कहा, क्या? क्या? क्या? और फिर कहा, धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद। जब कुक उन्हें प्रपोज किया, तो वह उनके लिए एक भयानक और रोमांचक क्षण था। जानकारी के अनुसार, 32 वर्षीय लॉरेंस यूट्यूब सीरीज चिकन शॉप डेट के लेटेस्ट एपिसोड में बोल रहीं थी। लॉरेंस ने बताया, वह मेरे पूरे जीवन में अब तक के सबसे अच्छे व्यक्ति हैं। लॉरेंस और मैरोनी ने फरवरी 2022 में अपने पहले बच्चे साइ का स्वागत किया। बता दें कि न्यूयॉर्क शहर में एक आर्ट-गैलरी निदेशक लॉरेंस और मैरोनी जून 2018 से रोमांटिक रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने फरवरी 2019 में सगाई की और उसी साल अक्टूबर में शादी के बंधन में बंध गए।

# अरशद अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में



आजकल एक्टर अरशद वारसी अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म जॉली एलएलबी 2 और बिग बॉस में रिप्लेस किए जाने पर बात की है। अरशद वारसी बिग बॉस के पहले होस्ट रहे हैं। उन्होंने पहला सीजन होस्ट किया था, लेकिन फिर वह रिप्लेस कर दिए गए। इसके बाद बिग बॉस को शिल्पा शेट्टी, अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसे सितारों ने होस्ट किया। पिछले एक दशक से होस्टिंग की कुर्सी पर सलमान खान का दबदबा है। अरशद ने कहा- मैं बिग बॉस का अगला सीजन नहीं कर सका, क्योंकि मुझे एक शूट के लिए लंदन जाना था, लेकिन मेरा मानना है कि सलमान खान इस शो में सबसे अच्छे हैं। उस काम को सलमान से बेहतर कोई नहीं कर सकता था।

रियलिटी शो को चाहिए सलमान जैसा कोई दबंग ।अरशद वारसी ने जॉली एलएलबी में काम किया था, लेकिन जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने उन्हें रिप्लेस कर दिया था। जॉली एलएलबी 3 का एलान हो गया है और इस बार अक्षय के साथ अरशद भी दिखाई देंगे। उन्होंने कहा- जॉली एलएलबी 3 बन रहा है और आप मेरे साथ अक्षय कुमार को भी देखेंगे। यह ऑरिजिनल प्लान था। मैं पहली फिल्म में दिखाई दिया था और उन्होंने दूसरा किया था।

अरशद वारसी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है कि फिल्म हलचल में उन्होंने दिल से काम नहीं किया था। उनका कहना था कि वह फिल्म को सिर्फ अपनी एक जॉब मानकर कर रहे थे, लेकिन वह दिल से खुश नहीं थे। कुछ समय पहले ही जियो सिनेमा पर असुर 2 स्ट्रीम हो रही है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। थ्रिलर सीरीज में अरशद के साथ बरुण सोबती और रिद्धि डोगरा भी लीड रोल में हैं। बता दें कि अरशद वारसी अपनी उम्दा एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। कॉमिक टाइमिंग हो या फिर सीरियस रोल, अरशद अपने हर किरदार को बहुत ही संजीदगी से निभाते हैं।